Tni आवाज़

# राजस्थान की राजनीति

E-mail: tniawaz.news@gmail.com | आपकी आवाज के साथ.... | RAJHIN/2012/43137

हिन्दुस्तान पत्रिका

HINDUSTAN KI AWAZ

जयपुर, दौसा, करौली, अलवर, टोंक, अजमेर, भरतपुर, धौलपुर, बीकानेर, कोटा, सवाईमाधोपुर से प्रसारित

www.hpnews.in/www.tniawaaz.in | जयपुर, शुक्रवार 19 अप्रैल, 2024 | वर्षः 2 | अंकः 174 | पृष्ठः 8 | मूल्यः 2.00 रू.

## आप विधायक अमानतुल्लाह खान को ईडी ने किया गिरफ्तार, वक्फ बोर्ड नियुक्ति से जुड़े मामले में ऐक्शन



**नई दिल्ली**

आम आदमी पार्टी के विधायक अमानुतल्लाह खान को गिरफ्तार कर लिया गया है। ईडी की टीम करीब 8-9 घंटे से पूछताछ के बाद ये कार्रवाई की। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर अमानतुल्लाह गुरुवार को ईडी दफ्तर पहुंचे थे। दिन से ही पूछताछ की जा रही थी, इसी के बाद रात को उनकी गिरफ्तारी हुई। दिल्ली वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष रहते हुए अवैध रूप से भर्तियों को लेकर मनी लॉन्ड्रिंग केस में ये कार्रवाई की गई है। वहीं गिरफ्तारी की खबर के बीच आप सांसद संजय सिंह और मंत्री आतिशी अमानतुल्लाह खान के घर पहुंच रहे हैं। अमानतुल्लाह खान के गिरफ्तारी को लेकर जानकारी पहले ही आप सांसद संजय सिंह ने दे दी थी। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में लिखा, 'मोदी सरकार ऑपरेशन लोटस पूरी तरह जुट गई है मंत्रियों विधायकों पर फर्जी मामले बनाकर उनको गिरफ्तार किया जा रहा है। अमानतुल्लाह खान के विरुद्ध बेबुनियाद मामला बनाकर ईडी की ओर से ने उनको गिरफ्तार करने की तैयारी की जा रही है। तानाशाही का अंत जल्द होगा। मैं उनके परिवार से मिलने जा रहा हूं।' जैसे ही संजय सिंह ने ये आशंका जताई इसी बीच अमानतुल्लाह की गिरफ्तारी हो गई। जैसे ही अमानतुल्लाह की गिरफ्तारी की खबर आई तो आप नेता और दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने ट्वीट किया। उन्होंने लिखा, 'भाजपा वालों तुम चाहे आम आदमी पार्टी के हर नेता, हर कार्यकर्ता को जेल में डाल दो। दिल्ली के लोग फिर भी आम आदमी पार्टी को ही वोट देंगे। तुम चाहे कितना भी डरा लो; हम झुकने वाले नहीं हैं, हम डरने वाले नहीं हैं। हम तुम्हारी तानाशाही के खिलाफ मजबूती से लड़ते रहेंगे।' दिल्ली वक्फ बोर्ड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान से पूछताछ कर रहा था। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अग्रिम जमानत की मांग वाली उनकी याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया था। ईडी सूत्रों ने कहा कि अमानतुल्लाह खान गुरुवार सुबह 11 बजे ईडी के कार्यालय पहुंचे। ईडी के एक अधिकारी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें 18 अप्रैल को जांच में शामिल होने का निर्देश दिया था। इससे पहले, ईडी ने समन का पालन न करने पर खान के खिलाफ राऊज एवेन्यू कोर्ट का रुख किया था। ईडी ने मामले में आरोपी जीशान हैदर, उसकी पार्टनरशिप फर्म स्काईपावर, जावेद इमाम सिद्दीकी, दाऊद नासिर और कौसर इमाम सिद्दीकी के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था। मामला ओखला में अवैध धन से अर्जित की गई 36 करोड़ रुपये की कथित संपत्ति से जुड़ा है, जिसमें माना जा रहा कि अमानतुल्लाह खान ने आठ करोड़ रुपये नकद दिए थे।

# पार्टी का प्रचार छोड़ राजस्थान- एमपी के तीन पूर्व सीएम जुटे बेटों को जिताने में, जमकर बहा रहे पसीना

**जयपुर**

राजस्थान की 25 लोकसभा सीटों जीत हासिल करने के लिए भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस दोनों ने जोर लगा रखा है। दोनों ही पार्टी के दिग्गज नेता लगातार प्रदेश के दौरे करते हुए नजर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, वीके सिंह, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी और कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी के साथ अलग-अलग राज्यों के मुख्यमंत्री भी राजस्थान में चुनावी सभाओं को संबोधित कर चुके हैं। लेकिन प्रदेश के दो पूर्व मुख्यमंत्री इन चुनावों में ज्यादा मेहनत करते हुए नजर आ रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और वसुंधरा राजे के बेटे भी चुनाव मैदान में हैं। ये दोनों ही पूर्व सीएम अपने अपने बेटे को चुनाव जिताने में पूरा जोर लगा रहे हैं। इसके अलावा पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश में भी कमलनाथ अपने बेटे नकुलनाथ के लिए लगातार छिंदवाड़ा में कैंप किए हुए हैं। राज्य की झालावाड़ लोकसभा सीट से दुष्यंत सिंह मैदान में हैं। दुष्यंत पूर्व सीएम वसुंधरा राजे के बेटे हैं। अपने बेटे को रिकॉर्ड मतों से जिताने के लिए राजे ने अपना पूरा ध्यान झालावाड़ लोकसभा सीट पर लगाया हुआ हुआ है। हालांकि वे पार्टी की स्टार प्रचारक भी हैं, लेकिन अन्य सीटों पर उनकी उपस्थिति न के बराबर ही नजर आ रही है। राजस्थान भाजपा की तरफ से भी राजे के प्रचार प्रसार का कार्यक्रम जारी नहीं किया जा रहा है। जबकि अन्य नेताओं के कार्यक्रम पार्टी की ओर से जारी किए जा रहे हैं। स्टार प्रचारक होने के बावजूद अभी तक राजे का कोई कार्यक्रम झालावाड़ से बाहर का नहीं बना है। वे लगातार अपने बेटे के लोकसभा क्षेत्र में अलग-अलग गांवों का दौरा करके दुष्यंत सिंह के लिए समर्थन मांग रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत भाजपा के कई राष्ट्रीय नेता प्रदेश में चुनावी सभाओं को संबोधित कर चुके हैं, लेकिन राजे किसी भी बड़े नेता के मंच पर अभी तक नजर नहीं आईं हैं। दुष्यंत सिंह पिछले 20 साल से झालावाड़ लोकसभा सीट से सांसद हैं। दुष्यंत सिंह वसुंधरा राजे के मुख्यमंत्री बनने के बाद वर्ष 2004 में पहली बार सांसद चुने गए थे। पिछले 35 साल से इस सीट पर भाजपा का कब्जा रहा है। राजे वर्ष 1989 में इस सीट से पहली बार सांसद चुनी गईं। इसके बाद से लगातार पांच बार वे सांसद रहीं। इधर, दूसरी तरफ कांग्रेस के कद्दावर नेता और प्रदेश के पूर्व सीएम अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत इस बार जालोर सिरोही लोकसभा सीट से चुनावी मैदान में हैं। वैभव ने 2019 का लोकसभा चुनाव जोधपुर सीट से लड़ा था। लेकिन गजेंद्र सिंह शेखावत से वे दो लाख से ज्यादा मतों से हार गए थे। इस बार भी शेखावत जोधपुर से ही मैदान में हैं। लेकिन वैभव ने अपनी सीट बदल ली। जालौर सिरोही लोकसभा क्षेत्र में माली समाज के वोटर्स की संख्या ज्यादा है। जातिगत समीकरण को देखते हुए इसलिए वैभव गहलोत को जालौर से चुनाव मैदान में उतारा गया। पूर्व सीएम अशोक गहलोत लगातार जालौर में ही व्यस्त हैं। हाल ही में वैभव गहलोत के समर्थन में कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने भी चुनावी सभा की थी। वैभव गहलोत का प्रचार उनकी प%ी और बेटी भी कर रही हैं। हाल ही में वे माली समाज के कार्यक्रम में शामिल हुई वैभव गहलोत की प%ी हिमांशी गहलोत ने कहा कि जालौर में माली समाज के मतदाता ज्यादा हैं। ऐसे में यहां से वैभव गहलोत को जीतना जरूरी है। अगर जालौर से भी वैभव गहलोत चुनाव नहीं जीत पाए, तो आगे से कोई भी पार्टी माली समाज के बेटे को टिकट नहीं देगी। अगर वैभव गहलोत चुनाव हार गए, तो जोधपुर और जयपुर के लोग यही कहेंगे कि माली समाज ने अपने बेटे को ही चुनाव नहीं जिताया। समाज के लोगों से मार्मिक अपील करते हुए हिमांशी गहलोत ने अपने पति को चुनाव जिताने की अपील की है।



## मध्यप्रदेश: कमलनाथ अपने बेटे के लिए कर रहे प्रचार

मध्यप्रदेश की छिंदवाड़ा सीट पर भी पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ अपने बेटे नकुलनाथ के लिए प्रचार करते हुए नजर आ रहे हैं। कमलनाथ की प%ी अलका नाथ और बहू प्रिया नाथ भी में नकुल नाथ के लिए प्रचार करने के लिए पसीना बहा रही हैं। कमलनाथ का पूरा परिवार अकेले ही इस सीट पर चुनाव प्रचार में लगा हुआ है। कांग्रेस का कोई भी बड़ा नेता नकुल नाथ के प्रचार के लिए छिंदवाड़ा नहीं आया। कमलनाथ ने बेटे के लिए रात-दिन छिंदवाड़ा में कैंप किए हुए हैं। इस दौरान उन्होंने उनके कार्यकाल में किए विकास कार्य गिनाए और इमोशनल कार्ड खेला है। जनसभाओं में उन्होंने कहा मैंने अपनी जवानी छिंदवाड़ा के लिए समर्पित की है। मेरी आखिरी सांस यहां के लिए है। नकुलनाथ भी लगातार भावनात्मक अपील कर रहे हैं। कमलनाथ छिंदवाड़ा सीट पर करीब 300 से ज्यादा छोटी बड़ी चुनावी सभाएं कर चुके हैं। इस सीट पर पहले चरण में 19 अप्रैल को वोटिंग होनी है। पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव में छिंदवाड़ा सीट से कमलनाथ के खिलाफ भाजपा ने विवेक बंटी साहू को मैदान में उतारा था। विवेक बंटी साहू ही नकुलनाथ के खिलाफ फिर मैदान में हैं। छिंदवाड़ा सीट जीतने के लिए भाजपा ने भी कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। मुख्यमंत्री मोहन यादव और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इस सीट की सभी सात विधानसभा क्षेत्र को लेकर अलग-अलग रणनीति बनाई और उस पर काम किया। इसके अलावा कमलनाथ को कमजोर करने के लिए उनके करीबियों को भी भाजपा में शामिल किया गया। पिछले 12 लोकसभा चुनाव में से 11 बार कमलनाथ या उनके परिवार के सदस्य ही छिंदवाड़ा से जीतकर लोकसभा में पहुंचे हैं। सिर्फ एक बार 1997 के उपचुनाव में भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री सुंदरलाल पटवा ने कमलनाथ को पटकनी दी थी। छिंदवाड़ा सीट से कमलनाथ नौ बार, उनकी प%ी अलका नाथ एक बार और पुत्र नकुल नाथ भी एक बार सांसद रह चुके हैं। नकुलनाथ दूसरी बार फिर मैदान में हैं।

## जयपुर में पुलिस की गुंडागर्दी केसः वाह! सीए के साथ मारपीट करने वाले आरोपी हैड कांस्टेबल को ही दे दी जांच

**जयपुर**

दो दिन पहले जयपुर में पुलिसकर्मियों की गुंडागर्दी का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ था। इस वीडियो में तीन चार पुलिसकर्मी एक चार्टर्ड अकाउंटेंट को जमीन पर पटक कर मार रहे थे। परिवार- महिलाएं बचाने दौड़ी को महिला पुलिसकर्मी ने महिलाओं से मारपीट कर दी। पीड़ित चार्टर्ड अकाउंटेंट का मासूम बच्चा अपने पिता को बचाने की गुहार करता रहा लेकिन पुलिसकर्मियों को जरा भी रहम नहीं आया। मासूम ने पुलिसकर्मियों के पैर भी पकड़े लेकिन पुलिसकर्मी सीए चिरंजीलाल को पीटते रहे। मारपीट का यह मामला भांकरोटा इलाके का है। मारपीट की घटना के बाद भांकरोटा थाने के पुलिसकर्मियों ने सीए चिरंजीलाल, उसके पिता और चाचा को गिरफ्तार भी किया। इस दौरान पीड़ित पक्ष की ओर से थाने में शिकायत दी गई कि पुलिसकर्मियों ने उनके साथ बेवजह दादागिरी करते हुए मारपीट की। इस शिकायत की जांच कराने के दौरान भांकरोटा थाना इंचार्ज राजकुमार मीणा ने भी कमाल कर दिया। उन्होंने इस शिकायत की जांच हैड कांस्टेबल सुनील को सौंप दी, जबकि शिकायत में हैड कांस्टेबल सुनील पर मारपीट के आरोप लगे थे। यानी जिस हैड कांस्टेबल पर मारपीट के आरोप लगाया गया था। एसएचओ ने उसी हैड कांस्टेबल को जांच दे दी। पुलिसकर्मियों की गुंडागर्दी का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। यह मामला जब डीसीपी वेस्ट अमित कुमार के पास पहुंचा तो उन्होंने हैरानी जताई। डीसीपी ने पुलिसकर्मियों की इस हरकत को शर्मनाक बताया।

## जल, थल और वायु क्षेत्रों पर अपना प्रभाव डालेगा अंतरिक्षः अनिल चौहान

**नई दिल्ली।**

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा है कि युद्ध के लिहाज से भविष्य में अंतरिक्ष क्षेत्र वायु, समुद्री और थल क्षेत्रों पर अपना प्रभाव डालेगा। उन्होंने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब इस अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत दुनिया में प्रमुख सेवा प्रदाताओं में से एक के रूप में उभरेगा। कुछ साल पहले तक जिसकी कल्पना नहीं की जा सकती थी, अब वो हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे पास रक्षा और अंतरिक्ष क्षेत्र में कई अच्छे स्टार्टअप हैं जो रक्षा और अंतरिक्ष क्षेत्र में बेहतरीन काम कर रहे हैं। साथ ही कहा कि अंतरिक्ष कूटनीति जल्द ही वास्तविकता बन जाएगी। वे गुरुवार को दिल्ली के मानेकशा सेंटर में आयोजित तीन दिवसीय भारतीय रक्षा अंतरिक्ष संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। प्रसारित रिकार्डेड वीडियो संबोधन में जनरल चौहान ने भविष्य के युद्ध में अंतरिक्ष की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष को निर्णायक मोर्चा कहा जाता है। अंतरिक्ष का विस्तार अनंत है। अन्य सभी सीमाओं की तरह इसकी सीमा को स्पष्ट रूप से परिभाषित करना मुश्किल है।

## ईडी का आरोप- केजरीवाल जानबूझकर आम-मिठाई खा रहेः ताकि ब्लड शुगर बढ़े और जमानत मिले; आतिशी बोलीं-वे रोज 54 यूनिट इंसुलिन लेते हैं

**नई दिल्ली।**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार 18 अप्रैल को बड़ा आरोप लगाया। ईडी ने राउज एवेन्यू कोर्ट में कहा कि वह तिहाड़ जेल में जानबूझकर मीठा खा रहे हैं, ताकि इससे उनका शुगर लेवल बढ़ जाए और उन्हें मेडिकल के आधार पर जमानत मिल जाए।

ईडी ने कहा कि केजरीवाल को टाइप-2 डायबिटीज है, लेकिन वह जेल में आलू पूड़ी, आम और मीठा खा रहे हैं। केजरीवाल शराब घोटाला मामले में तिहाड़ जेल में 18 दिन से बंद हैं। कोर्ट ने उन्हें घर का खाना खाने की अनुमति दी है।



वहीं, दिल्ली की मंत्री आतिशी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल रोज 54 यूनिट इंसुलिन लेते है। उन्हें सीवियर डायबिटीज है। ईडी केजरीवाल का घर का खाना बंद करना चाहती है।

### अब समझें ये बात कैसे सामने आई

दरअसल, केजरीवाल के वकील विवेक जैन ने ट्रायल कोर्ट में एक याचिका दाखिल कर केजरीवाल के डॉक्टर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मेडिकल कंसल्टेशन लेने की मांग की थी। उन्होंने तर्क दिया था कि केजरीवाल टाइप-2 डायबिटीज के मरीज हैं और उनका ब्लड शुगर लेवल ऊपर-नीचे होता रहता है।

इसके जवाब में ईडी ने राउज एवेन्यू कोर्ट को बताया कि केजरीवाल तिहाड़ जेल में जानबूझकर मीठा खा रहे हैं, ताकि इससे उनका शुगर लेवल बढ़ जाए और उन्हें मेडिकल के आधार पर जमानत मिल जाए। केजरीवाल के घर से ऐसा ही खाना आ रहा है, जिसमें शुगर और कॉर्ब्स की मात्रा ज्यादा रहती है।

### कोर्ट रूम लाइव

ईडी के वकील जोहेब हुसैन ने स्पेशल जज कावेरी बावेजा के सामने कहा कि केजरीवाल के खानपान से जुड़ी ये जानकारी तब पता चली, जब एजेंसी ने तिहाड़ जेल को लिखकर केजरीवाल के खाने और दवाओं के बारे में जानकारी मांगी।

हुसैन ने कहा, %हमने डाइट चार्ट अदालत के सामने रख दिया गया है। इस चार्ट में आम और मिठाई थीं। केजरीवाल ने खासकर मिठाइयों का सेवन किया था, जिन्हें खाने की किसी भी डायबिटिक को अनुमति नहीं होती।

केजरीवाल के वकील विवेक जैन ने कहा कि ईडी के दावों पर हमें आपत्ति है। जांच एजेंसी सिर्फ मीडिया के लिए ये आरोप लगा रही है।

ईडी के जवाब के बाद केजरीवाल के वकील विवेक जैन ने कहा कि हम अपनी मौजूदा एप्लीकेशन वापस ले रहे हैं। इसे नए सिरे से दायर करेंगे।

### ईडी सरासर झूठ बोल रही है- आतिशी

दिल्ली की मंत्री आतिशी ने कहा- अरविंद केजरीवाल रोज 54 यूनिट इंसुलिन लेते हैं। इतनी मात्रा में इंसुलिन वही व्यक्ति लेता है, जिसे सीवियर डायबिटीज होती है। डायबिटिक पेशेंट क्या खाएगा, क्या एक्सरसाइज करेगा, ये तय रहता है। इसी वजह से कोर्ट ने उन्हें घर के खाने की परमिशन दी। भाजपा का अनुषांगिक संगठन ईडी केजरीवाल का स्वास्थ्य बिगाड़ना और उनका घर का खाना रोकना चाहता है। ईडी का ये कहना कि केजरीवाल मीठी चाय पी रहे हैं, मिठाई खा रहे हैं, सरासर झूठ है।




# हैरिटेज निगम क्षेत्र में मतदान दिवस पर चौपहिया व दोपहिया वाहनों की पार्किंग निःशुल्क रहेगी

## 8 पार्किंग स्थलों पर रहेगी पार्किंग निःशुल्क

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** लोकसभा चुनाव-2024 के मध्येनजर नगर निगम जयपुर हेरिटेज क्षेत्र में पार्किंग स्थलों पर सुबह 7:00 से 11:00 बजे तक मतदान करने आने वाले मतदाताओं के वाहनों के लिए पार्किंग की निशुल्क व्यवस्था प्रदान की जायेगी। आयुक्त श्री अभिषेक सुराणा ने बताया कि हैरिटेज निगम क्षेत्र में चांदपोल अनाज मंडी पार्किंग, जोहरी बाजार पार्किंग, चौड़ा रास्ता, किशनपोल बाजार, आतिश मार्केट, जल महल की पाल, माल 21 के सामने पार्किंग स्थल, अहिंसा सर्किल से गवर्नमेंट प्रेस चौराहा पार्किंग और एयरटेल मालवीय मार्ग पार्किंग स्थलों पर पहले आने वाले 10 चौपहिया और 20 दुपहिया वाहनों को निशुल्क पार्किंग की व्यवस्था प्रदान की जाएगी। निशुल्क पार्किंग करने के लिए वाहन चालक को अपना वोटर कार्ड और मतदान के बाद में उंगली पर नीली शाही का निशान दिखाना होगा। आयुक्त श्री अभिषेक सुराणा ने जयपुर शहर में 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव के दौरान सभी शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी नागरिक अपने मताधिकार का 100त्न उपयोग करते हुए वोट देने जाए।

# दबलाना में श्रीराम जन्मोत्सव पर निकली भव्य शोभायात्रा, प्रभु श्री राम के मधुर भजनों से गूंजा संपूर्ण कस्बा



राजस्थान की राजनीति

**दबलाना/सुरेंद्र गौतम।** दबलाना में धर्म प्रेमियों ने रामनवमी के अवसर पर कस्बे में प्रभु श्री राम की शोभायात्रा डीजे के साथ बड़ी धूमधाम से निकाली। कार्यक्रम से जुड़े हेमराज नागर, संजय सोनी,शिव मेहरा ने बताया की श्री राम जन्मोत्सव के अवसर पर शोभायात्रा निकालनें से पूर्व सभी धर्म प्रेमियों ने कस्बे की मेज नदी किनारे स्थित श्री बोर के बालाजी महाराज की प्रतिमा का पं मनमोहन शर्मा के सानिध्य में वैदिक मंत्रो से अभिषेक एवं विशेष पूजा अर्चना करने के बाद मंदिर परिसर से शोभायात्रा शुरू हूई । शोभायात्रा में आगे डीजे के मधुर भजनों पर भक्तजन नाचते कूदते आनंद लेते हुए चल रहे थे। साथ ही युवा अपने हाथों में प्रभु श्री राम, श्री बजरंग बली की ध्वज पताका लहराते श्री राम जयकारे लगाते हुए चल रहे थे।शोभायात्रा में मुख्य आकर्षण का केंद्र बग्घी में सजी धजी श्री राम दरबार की झांकी, कस्बे के युवाओं के द्वारा दिखाए गए अखाड़े रहे। अखाड़े बाजों ने कस्बे में कई जगहों पर हैरतगेज करतबों सहित शौर्य का प्रदर्शन किया। अखाड़े में नन्ही मुन्नी बालिकाओं ने भी अपने अस्त्र करतबों का कमाल दिखाया । शोभा यात्रा का कस्बे में कई जगहों पर ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर, शीतल जल पिलाकर जोरदार स्वागत किया। शोभा यात्रा के दौरान प्रभु श्री राम के भजनों एवं जय कारों से संपूर्ण कस्बा गूंजायमान हो उठा। कस्बे के प्रमुख मार्गो से होती हुई शोभायात्रा वापस बोर के बालाजी मंदिर परिसर पर पहुंची। जहां पर भव्य आरती, मंत्र पुष्पांजलि के बाद मंदिर परिसर प्रभु श्री राम, श्री बजरंगबली सहित विविध देवी देवताओं के जयकारों से गूंज उठा भगवान के भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। शोभा यात्रा में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए हिंडोली सहायक थाना अधिकारी रमेश चंद्र मेरोठा, दबलाना हेड कांस्टेबल भंवर सिंह शक्तावत,बीट कांस्टेबल हंसराज मीणा, जितेंद्र सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# नवरात्रा के चलते बोर के बालाजी सहित क्षेत्र में सभी धर्म स्थलों पर चल रहे रामायण पाठों की पूर्णाहुति हुई



राजस्थान की राजनीति

**दबलाना/सुरेंद्र गौतम।** नवरात्रा के चलते घट स्थापना के साथ कस्बे की मेज नदी किनारे स्थित श्री बोर के बालाजी महाराज मंदिर सहित सभी धर्म स्थलों पर शुरू हुए अखंड रामचरितमानस पाठ की पूर्णाहुति दशमी गुरुवार को हुई। श्रद्धालु मंगल शर्मा ने बताया की सभी धर्म प्रेमियों ने बोर के बालाजी के चोला चढ़ा करके पंडित मनमोहन शर्मा के सानिध्य में मंडप स्थित देवी ,देवताओं की पूजा अर्चना कर रामचरितमानस की चौपाइयों से श्रद्धालु शिवम शर्मा, मयंक गौतम ,कमलेश बैरागी, हेमंत नामा, सुरेंद्र गौतम, सुरेश लोधा आदि ने हवन किया। जिसके बाद आरती हुई। मंत्र पुष्पांजलि के बाद मंदिर परिसर प्रभु श्री राम, श्री बजरंगबली, श्री शिव शंकर भगवान,श्री चारभुजा नाथ सहित विविध देवी देवताओं के जयकारों से गूंज उठा। भगवान के भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया। नवरात्र के इस कार्यक्रम में रमेश शर्मा, बद्री लाल गुर्जर, आशीष शर्मा, हरिओम गौड़, राम-लक्ष्मण टेलर,तुलसीराम गुर्जर आदि ने विशेष सहयोग किया। इसी तरह बालापुरा के बालाजी, ऊंचाकाखेड़ा के हनुमान जी, आकोदा नाले के बालाजी, सांवतगढ के बावड़ी के बालाजी, बाल के भैंस रोड़ बालाजी, रेण के सीतामढी के बालाजी के स्थान पर चल रही अखंड रामचरितमानस पाठ की पूर्णाहुति पूजा अर्चना एवं हवन के साथ हुई। भोग लगा करके प्रसाद वितरित किया गया। सभी जगह श्रद्धालुओं की आवा जाही से चहल पहल बनी रही।

# एक एलएचवी के भरोसे चल रहा है जौडिया का राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र

## चिकित्सको सहित नर्सिंग कर्मचारियो के सभी पद रिक्त

## ग्रामीणो ने कहा की राजकीय स्वास्थ्य केन्द्र पर पिछले कई माह से नही मिल रही कोई सुविधा

## उपचार के नाम पर झोलाछाप डॉक्टरो का लेना पड रहा है सहारा



राजस्थान की राजनीति

**कोटकासिम (चेतराम सैनी)।** एक तरफ तो सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओ को सुदृढ करने का दावा किया जा रहा है। वहीं इन दावो की हकीकत कोटकासिम के ग्राम पंचायत जौडिया के मुख्यालय पर राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो पर देखी जा रहा है। स्वास्थ्य केन्द्र पर मात्र एक एलएचवी के अलावा नर्सिंग स्टाफ एवं चिकित्सको के पद पिछले करीब 5 माह से भी अधिक समय से रिक्त चल रहे है। जिसके चलते स्वास्थ्य केन्द्रो पर सरकार की निःशुल्क योजना का ग्रामीणो को कोई लाभ नही मिल रहा है। वहीं उपचार के लिए भी मरीजो को दर-दर की ठोकरे खानी पड रही है। ग्रामीणो का कहना है की इस विषय में विभाग के अधिकारियो सहित स्थानीय प्रशासन को भी कई बार अवगत करा दिया गया है। उसके बावजूद भी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का हालात सुधरने का नाम नही ले रहे है।

### अक्टुबर माह से पीएचसी प्रभारी का पद रिक्त

सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार जौडिया के राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में अक्टुबर माह से अस्पताल प्रभारी का पद सहित अन्य चिकित्सको एवं नर्सिंग स्टाफ, फॉर्मासिस्ट के पद रिक्त चल रहे है। ऐसे में एक एलएचवी के भरोसे से ही स्वास्थ्य केन्द्र की व्यवस्था चल रही है। जिसके चलते आने वाले मरीजो को ना तो उपचार मिल रहा है और ना हीं सरकार द्वारा दी जाने वाली निःशुल्क एवं दवा योजनाओ का लाभ।

### ग्रामीण मरीज उपचार के नाम पर झोलाछाप चिकित्सको की शरण में

जौडिया ग्राम पंचायत मुख्यालय पर पीएचसी की व्यवस्था राम भरोसे होने के कारण आने वाले मरीजो को उपचार नही मिलने से ग्रामीणो का स्वास्थ्य केन्द्र से विश्वास उठ रहा है। ऐसे में बीमारी से पीडित ग्रामीण मजबूर होकर या तो उपचार के लिए शहरो में जा रहे है या फिर गांव में झोलाछाप चिकित्सको की शरण में जाने पर मजबूर हो रहे है। ग्रामीणो का कहना है की सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रो में स्वास्थ्य सेवाओ का लाभ दिलाने के नाम पर बडे-बडे दावो ठोके जा रहे है। लेकिन इन दावो की जमीनी हकीकत जानने के लिए विभाग के आला अधिकारियो के पास भी इतना समय नही है। जिसका खामियाजा ग्रामीण जनता को भुगतना पड रहा है। बार-बार जौडिया पीएचसी पर स्टाफ व चिकित्सको के रिक्त पदो को भरने की मांग उठाई जा रही है। उसके बावजूद भी विभागीय अधिकारियो के कानो पर जूं तक नही रेंग रही है। अस्पताल परिसर में पर्याप्त भवन, वार्ड, लैब सहित सभी सुविधाए उपलब्ध होने के बावजूद भी चिकित्सको के अभाव के कारण ग्रामीणो को उपचार के लिए इधर-उधर भटकना पड रहा है।

### ग्राम पंचायत प्रशासन व उपखंड प्रशासन को भी अवगत कराये जाने के बावजूद भी नही हुआ समाधान

जौडिया निवासी बृजमोहन शर्मा, पूर्व सरपंच भीमसिंह सेन, पूर्व उपप्रधान सुधीर यादव, शुगनाराम, रोहिताश, बीरसिंह, अनिल, सत्यवीर, राकेश, सुनिल, हेमसिंह आदि लोगो ने बताया की स्वास्थ्य केन्द्र की समस्या के बारे में स्थानीय ग्राम पंचायत व उपखंड प्रशासन को भी अवगत करा दिया है। उसके बावजूद भी अस्पताल की व्यवस्था में कोई सुधार नही हुआ। उन्होने बताया की इस समय मौसमी बीमारियो का आलम होने से ग्रामीण मरीजो की संख्या लगातार बढ रही है। ऐसे में अस्पताल में कोई सुविधा नही मिलने से ग्रामीण प्रशासन को कोस रहे है। ग्रामीणो ने जिला प्रशासन से जौडिया प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में रिक्त पडे पदो को भरने की मांग की है।

# कुपोषण के खिलाफ मिशन आकाश के माध्यम से मिल रही है सफलताः हेमंत डगर

## खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बैठक में दिये आवश्यक दिशा-निर्देश



राजस्थान की राजनीति

**कोटकासिम (चेतराम सैनी)।** शुक्रवार को उपखंड कोटकासिम के बीसीएमओ कार्यालय के सभागार में जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर हेमंत डगर की अध्यक्षता में डॉक्टर राजेश यादव शिशु रोग विशेषज्ञ एवं डॉ0 ब्रजवीर के द्वारा मिशन आकाश कार्यक्रम की सफल क्रियान्वयन के लिए फील्ड में कार्यरत समस्त सीएचओ, एएनएम एवं मॉनिटरिंग स्टाफ को विस्तृत रूप से प्रशिक्षण प्रदान किया गया। बैठक में गर्भवती महिला एवं 0 से 5 साल के समस्त बच्चों की स्क्रीनिंग करके कुपोषित, अतिकुपोषित बच्चों की पहचान के साथ एनीमिक महिला एवं बच्चों की लिस्ट तैयार करना एवं नॉर्म्स के अनुसार उन्हें उपचार उपलब्ध कराने के दिशा-निर्देश दिये। बैठक में डॉ0 हेमंत डगर ने दिशा-निर्देश देते हुए कहा की आकाश अभियान के माध्यम से कुपोषण को मिटाने में सफलता के लिए स्वास्थ्य कर्मियों सहित आंगनबाडी कार्यकर्ता भी अपनी पूरी भूमिका निभाये। उन्होने साप्ताहिक मॉनिटरिंग करने के बारे में विस्तृत चर्चा की एवं बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के खान-पान जैसे हरे पत्तेदार सब्जियां पौष्टिक एवं ताजा भोजन करने तथा फास्ट फूड से दूर रहने की सलाह आदि बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर गोविंद सिंह, सीएससी प्रभारी डॉ0 हरीश जाखड़ सहित समस्त सीएचसी, पीएससी इंचार्ज सहित फील्ड सुपरवाइजर मौजूद रहे।

# बड़ा रामद्वारा गौशाला के टैग सुधा गोवंश की मौत का सिलसिला जारी, भूख प्यास से दम तोड़ रहे गोवंश

राजस्थान की राजनीति



**बूंदी/पुरुषोत्तम।** शहर के नैनवां रोड स्थित श्री बडा रामद्वारा गौशाला की पंजीकृत टेग सुधा गोवंश के अकाल मौत का सिलसिला खत्म नहीं हो रहा। गुरुवार को भी बड़ा रामद्वारा गौशाला के दो गोवंश अकाल मौत का ग्रास बन गए। गुरुवार को बडा रामद्वारा गौशाला का एक गोवंश नैनवां रोड पर मृत अवस्था में मिला वहीं बुधवार को नैनवां रोड से ही घायल अवस्था में रेस्क्यू किए गए दो गोवंश में से एक गोवंश ने भी दम तोड़ दिया। गोपाल गौ सेवा संस्थान से जुड़े गौ भक्तों का आरोप है कि गोशाला संचालकों की लापरवाही एवं पर्याप्त चारा पानी के अभाव में भूख प्यास से गोवंश की मौत हो रही है। गोपाल गौ सेवा संस्थान के अध्यक्ष प्रहलाद मीणा, सचिव गोपाल माहेश्वरी, कोषाध्यक्ष लोकतंत्र गुर्जर आदि गौ भक्तों ने कहा कि जिले के प्रशासनिक अधिकारी एवं पशुपालन विभाग के अधिकारी भी गोवंश के संरक्षण को लेकर लगातार उदासीनता बरत रहे हैं। सरकारी अनुदान राशि प्राप्त करने के लिए गौशालाओं में क्षमता से अधिक गोवंश को रखा जा रहा है। जिस गौशाला की नियमानुसार 200 से 300 गौवंश रखने की क्षमता है। उनमें 500 गोवंशों को जबरदस्ती ठूसा जा रहा है। अनुदान राशि का गड़बड़झाला करने के लिए क्षमता से अधिक गोवंश को गौशाला में रखने के लिए तैयार रहने वाले गौशाला संचालकों की यदि सही से जांच की जाए तो कई चौंकाने वाले खुलासे सामने आ सकते हैं। रिकॉर्ड में सैकड़ो गोवंश वाली गौशालाओं का यदि अचानक जायजा लिया जाए तो वहां नाम मात्र के गोवंश ही नजर आते हैं। गौरतलब है कि बुधवार को भी बड़ा रामद्वारा गौशाला के दो गोवंश मृत एवं दो गंभीर अवस्था में गौशाला से 500 मीटर दूर नैनवां रोड पर सड़क किनारे पाए गए थे। जिन्हें गोपाल गौ सेवा संस्थान से जुड़े गौ भक्तों ने रेस्क्यू कर पशु चिकित्सालय पहुंचाया था। अब गुरुवार को फिर से बड़ा राम द्वारा गौशाला के दो गोवंश की अकाल मौत पर गोपाल गौ सेवा संस्थान से जुड़े गोभक्तों ने रोष प्रकट करते हुए बड़ा राम द्वारा गौशाला में बरती जा रही अनियमितताओं एवं वित्तीय गड़बड़झाले की जांच करने की मांग की है। गो भक्तों ने बुधवार को बड़ा राम द्वारा गौशाला का पंजीयन निरस्त करने की मांग को लेकर बूंदी उपखंड अधिकारी को ज्ञापन भी सौंपा था।

# सबसे पहले मतदान करने वाले 50 मतदाताओं को मिलेंगे प्रमाण पत्र

## गत चुनावों में 60 प्रतिशत से कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों के मतदाताओं को मिलेंगे प्रमाण पत्र

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने की चुनाव तैयारियां की समीक्षा



राजस्थान की राजनीति

**बूंदी/पुरुषोत्तम।** लोकसभा आम चुनाव, 2024 के लिए की गई तैयारियों की गुरुवार को जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय गोदारा ने समीक्षा कर संबंधित प्रभारी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में अब तक लोकसभा आम चुनाव के लिए की गई तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि जिले के ऐसे मतदान केन्द्र जहां गत चुनावों में मतदान का प्रतिशत 60 से कम रहा है, वहां सबसे पहले मतदान करने वाले 50 मतदाताओं को प्रमाण पत्र दिए जाएं। इसके अलावा 60 प्रतिशत से अधिक मतदान प्रतिशत वाले बूथों पर सबसे पहले मतदान करने वाले 20 मतदाताओं को भी प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएं। उन्होंने बैलेट पेपर से किए जा रहे मतदान व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि चुनाव ड्यूटी में नियुक्त वाहन चालकों एवं अन्य कार्मिकों के बैलेट पेपर के माध्यम से मतदान करवाया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि होम वोटिंग सुविधा का द्वितीय चरण जल्द ही शुरू होने जा रहा है। इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां रखी जावे और आयोग के निर्देशानुसार प्रथम चरण के अनुसार द्वितीय चरण में होम वोटिंग सुविधा से वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांग मतदाताओं से मतदान करवाया जावे। मॉडल बूथ, पीडब्लूडी और यथू मतदान केन्द्रों पर मतदान की सभी व्यवस्थाएं आयोग के निर्देशानुसार सुव्यवस्थित रहे, इसकी सुनिश्चितता की जावे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि मतदान दिवस पर 50 प्रतिशत बूथों की वेबकास्टिंग करवाई जाएगी। इसके सभी इंतजाम रखें जावे। साथ ही जिन स्थानों पर वीडियोग्राफी करवाई जानी है, ऐसे बूथों पर लगाए जाने वाले वीडियोग्राफरों को प्रशिक्षण दिया जावे। उन्होंने निर्देश दिए कि सांख्यिकी सूचनाओं के संकलन के लिए प्रति विधानसभा क्षेत्र वार 6 काउंटर स्थापित किए जाएं। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, परिवहन व्यवस्था तथा विभिन्न प्रकोष्ठों द्वारा की गई तैयारियां की प्रकोष्ठवार समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। बैठक में उपजिला निर्वाचन अधिकारी घनश्याम शर्मा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी दुर्गाशंकर मीणा, अतिरिक्त जिला कलक्टर (सीलिंग) नवरत्न कोली, जिला रसद अधिकारी शिवजीराम जाट, जिला कोषाधिकारी अंजनी कुमार शर्मा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक रामराज मीणा, जिला शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र कुमार व्यास, डीआईओ अनिल भाल सहित विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रभारी अधिकारी मौजूद रहे।

# विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा श्री राम शोभायात्रा में लिया गया भाग



राजस्थान की राजनीति

**भरतपुर।** श्री राम शोभायात्रा समिति÷ की भव्य शोभायात्रा में विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा प्रमुख समाजसेवी व श्री ब्राह्मण सभा,भरतपुर के पूर्व जिला अध्यक्ष श्री कौशलेश शर्मा के नेतृत्व में पूर्ण श्रद्धा एवं उत्साहपूर्वक भाग लिया गया। ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान परशुराम की भव्य एवं आकर्षक जीवंत झाँकी मनमोहक बग्घी में चल रही थी, जिसे शक्तिशाली व आकर्षक अश्व खींच रहे थे। श्रीराम शोभा यात्रा में समाज के विभिन्न वर्गो व संगठनों की लगभग 45 आकर्षक झाकियाँ चल रही थीं। लोग श्रद्धा व आदरपूर्वक भगवान परशुराम सहित सभी झाँकियों पर पुष्प वर्षा करके उत्साह का प्रदर्शन कर रहे थे व प्रसाद ग्रहण कर रहे थे। शोभा यात्रा का स्थान- स्थान पर भव्य स्वागत हुआ।भगवान परशुराम जी की झांकी निर्माण में पं. पवित्र मोहन मुद्गल का विशेष सहयोग रहा।इससे पूर्व भगवान परशुराम जी झाँकी को श्री कौशलेश शर्मा पूर्व जिला अध्यक्ष श्री ब्राह्मण सभा के नेतृत्व में भारी संख्या में विप्रजनों ने प्रचीन श्री मोहन जी मंदिर,बुध की हाट से विधि-विधान से पूजा अर्चना कर ध्वज प्रदर्शित कर शोभायात्रा के उद्गम स्थल कृषि उपज मण्डी समिति के लिए प्रस्थान करवाया।

बग्घी में भगवान परशुराम के अद्भुत रूप में बी-नारायण गेट निवासी दीपक पंडा विराजे, श्री ब्राह्मण सभा भरतपुर के पूर्व जिला अध्यक्ष श्री कौशलेश शर्मा, इन्जी.राजेन्द्र डन्डौतिया पूर्व विकास अधिकारी, इन्जी.पीयूष जयशंकर टाईगर,निदेशक जयशंकर जूडो-कराटे क्लब विराजमान होकर जनसमूह का आशीर्वाद ग्रहण कर रहे थे। झाँकी के साथ वरिष्ठ समाजसेवी एवं डबल ए कॉन्ट्रैक्टर रामेश्वर प्रसाद शर्मा, डॉ.सुशील पाराशर ,जिला अध्यक्ष, विप्र फाउण्डेशन भरतपुर, डॉ आलोक शर्मा निर्देशक टेक्नोलॉजी पार्क, नेमीचंद मुद्गल पूर्व जिला अध्यक्ष, विप्र फाउण्डेशन भरतपुर, केदार पाराशर,जिला अध्यक्ष, समता आन्दोलन भरतपुर, डॉ.गिरीश शर्मा,ट्रस्टी गायत्री परिवार भरतपुर, श्री राजेन्द्र भारद्वाज जिला अध्यक्ष, मानवाधिकार सुरक्षा संगठन भरतपुर,श्री जगमोहन मुद्गल,युवा व्यवसायी,श् री विष्णुदत्त शर्मा, संचालक अन्नपूर्णा रसोई भरतपुर, इन्जी.देवकीनंदन शर्मा सेवानिवृत सहायक अभियंता,श्री पवन पाराशर,निदेशक फ्यूचर पॉइंट इंस्टीट्यूट, श्री सतीश शर्मा प्रमुख उद्योगपति,श्री देवेन्द्र मोहन शर्मा,समाजसेवी, श्री अशोक शर्मा समाजसेवी,श्री शुभनेश पाराशर प्रमुख अधिवक्ता,श्री हरि गोबिन्द मिश्रा समाजसेवी,श्री सुरेश शर्मा, युवा ब्राह्मण नेता,पं. पवित्र मोहन मुद्गल, सतीश शर्मा शिव मोटर्स, जगमोहन मुद्गल, योगेश उपमन, पवन मुद्गल, तारा चंद चिचाना अध्यक्ष सर्व ब्राह्मण सभा, अनिल भारद्वाज, विप्र फाउंडेशन युवा प्रदेश अध्यक्ष इन्दुशेखर शर्मा, नेत्रकमल मुद्गल, देवशीष भारद्वाज, ब्रिजेंद्र शर्मा, एडवोकेट सुशील शर्मा श्री ब्राह्मण सभा कोषाध्यक्ष, हेमंत शर्मा, गीतम शर्मा, राजीव तिवारी, पीयूष दीक्षित, प्रशांत उपमन, केशव देव शर्मा, मदन मोहन शर्मा,कपिल खोकर सहित अनेक गणमान्य नागरिक व समाजसेवी चल रहे थे।

ड्राई-डे के बावजूद बेची जा रही थी शराब

# डीईओ ने लाइसेंस निरस्त कर अमानत राशि जब्त की



राजस्थान की राजनीति

**बहरोड़।** बहरोड़ जिला आबकारी अधिकारी ने कोटपूतली की शराब दुकान का लाइसेंस निरस्त कर दिया। लोकसभा चुनाव के दौरान ड्राई-डे घोषित होने के बावजूद देर रात को शराब बेची जा रही थी। ज़िला
आबकारी अधिकारी बहरोड़ गिरिवर शर्मा ने बताया कि कल 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के लिए वोटिंग होगी। इससे पहले आचार संहिता के तहत बुधवार को शाम 6 बजे सभी शराब की दुकानों को सील कर दिया गया और ड्राई-डे घोषित कर दिया।

लेकिन उसके बावजूद कोटपूतली के वार्ड 2 में संचालित खामोश देवी के नाम से कंपोजिट शराब की दुकान पर देर रात को शराब बेची जा रही थी। कल 17 अप्रैल को कोटपूतली आबकारी निरीक्षक प्रियंका मीना को शराब बेचने की शिकायत मिली। उन्होंने मौके पर पहुंचकर अनुज्ञाधारी के खिलाफ कार्रवाई की और लाइसेंस निरस्त करने के लिए अनुशंसा की। जिस पर ड्राई-डे के बावजूद शराब को बेचान करने और आबकारी विभाग के आदेशों की अवहेलना करने के साथ नियमों का उल्लंघन करने पर मुक़दमा दर्ज किया।

जिला आबकारी अधिकारी शर्मा ने बुधवार देर रात अनुज्ञपत्र को निरस्त कर कोटपूतली में संचालित खामोश देवी के नाम से शराब की कंपोजिट दुकान की अमानत राशि को जब्त कर लिया। उन्होंने बताया कि कोई नहीं लाइसेंस धारी ड्राई-डे पर कोटपूतली-बहरोड़, खैरथल-तिजारा में शराब बेचता पाया गया तो तत्काल लाइसेंस निरस्त किए जाने कार्रवाई की जाएगी।

एमबीएम यूनिवर्सिटी में छात्राओं के साथ सेक्सुअल हैरेसमेंट का मामला

# निलंबित एचओडी को बर्खास्त करने की अनुशंसा, 38 छात्राओं ने की थी शिकायत

राजस्थान की राजनीति



**जोधपुर।** जोधपुर की एमबीएम यूनिवर्सिटी में छात्राओं के साथ सेक्सुअल हैरेसमेंट और वित्तीय अनियमितताओं के मामले में दोनों कमेटियों की रिपोर्ट गुरुवार को बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट (बॉम) की बैठक में पेश हुई। कमेटी की रिपोर्ट में आर्किटेक्चर विभाग के निलंबित एचओडी डॉ.पुलकित गुप्ता को टर्मिनेट करने के लिए अनुशंसा की गई।

इसके लिए तीन सदस्यीय कमेटी बनाई गई है, जो दो महीने में टर्मिनेट करने को लेकर फैसला लेगी। बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट की बैठक में यूनिवर्सिटी के मेंबर सहित गवर्नर की ओर से नामित किए गए सदस्य और कॉलेज शिक्षा विभाग जयपुर के अधिकारी भी जुड़े। हाई पावर कमेटी की अंतिम रिपोर्ट पर मिलने तक निलंबित एचओडी डॉक्टर पुलकित गुप्ता का निलंबन नियमित रखा गया है। गुप्ता अब 5 साल तक कहीं भी नहीं पढ़ा सकेंगे। इसके अलावा उनके पांच इंक्रीमेंट भी रोक दिए गए हैं

### एचओडी पर लगा था सेक्सुअल हैरेसमेंट का आरोप

बता दे कि जोधपुर के एमबीएम कॉलेज में आर्किटेक्चर विभाग की 38 से अधिक छात्राओं ने निलंबित एचओडी के खिलाफ सेक्सुअल हैरेसमेंट, अभद्रता, छेड़छाड़ और बेड टच करने का आरोप लगाया था। इसको लेकर यूनिवर्सिटी के कुलपति अजय कुमार शर्मा ने कमेटी गठित की थी। कमेटी की रिपोर्ट में प्रोफेसर को दोषी पाया गया। विश्वविद्यालय के इतिहास में पहली बार एक साथ इतनी छात्राओं ने शिकायत की थी।

उसके बाद गठित सेक्सुअल हरेसमेंट कमेटी की अध्यक्ष प्रोफेसर जयश्री वाजपेई के नेतृत्व में टीम ने जांच की। उन्होंने छात्राओं से बातचीत की और लिखित बयान लिए थे। इसके बाद कमेटी ने बंद लिफाफे में कुलपति को रिपोर्ट सौंप दी। कमेटी की रिपोर्ट में भी छात्राओं से बेड टच करने और अभद्रता को प्रमाणित माना गया। इसके आधार पर अब बॉम की बैठक में भी प्रो गुप्ता को टर्मिनेट करने की सिफारिश की गई है। अब हाई पावर कमेटी टर्मिनेट करने पर अंतिम निर्णय लेगी। यूनिवर्सिटी के कुलपति अजय कुमार शर्मा ने बताया कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में प्रो. गुप्ता को टर्मिनेट करने की अनुशंसा की है। इस पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### छात्राओं ने लगाए थे ये आरोप

गौरतलब है की यूनिवर्सिटी की छात्राओं ने प्रोफेसर पर कई गंभीर आरोप लगाए थे। इसकी शुरुआत सबसे पहले एक छात्रा के गुमनाम पत्र से हुई इसके बाद जब कमेटी ने जांच शुरू की तो अंतरिम रिपोर्ट के आधार पर गुप्ता को निलंबित किया गया था। इस पर कड़ी कार्रवाई नहीं हुई तो छात्राओं ने सामूहिक रूप से शिकायत भी दी थी। जिसमें कई छात्राओं ने बैड टच करने, रात को मैसेज करने, पार्टी में बुलाने, लॉन्ग ड्राइव पर चलने सहित कई आरोप लगाए थे। कई पूर्व छात्राओं ने भी शिकायत भेजी थी। मामला राजभवन तक भी पहुंचा था। वहीं दो छात्राओं ने रातानाडा थाने में मामला भी दर्ज करवाया था।

अंतिम प्रशिक्षण के पश्चात मतदान दल हुए रवाना

# संसदीय क्षेत्र में 21 लाख 14 हजार 916 मतदाता करेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग

स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान के लिए आत्मविश्वास एवं धैर्य के साथ कार्य करें: डॉ. यादव

राजस्थान की राजनीति



**भरतपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. अमित यादव ने कहा कि मतदान दल के सभी कार्मिक आत्मविश्वास एवं धैर्य के साथ कार्य करते हुए स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए टीम भावना से निर्वाचन आयोग के प्रतिनिधि बनकर चुनाव कार्य को पूरा करें।

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. यादव गुरूवार को एमएसजे कॉलेज में लोकसभा आम चुनाव के तहत मतदान दलों के अंतिम प्रशिक्षण में भरतपुर एवं डीग जिले की 7 विधानसभा क्षेत्रों में रवाना किये गये मतदान दलों के कार्मिकों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मतदान दल का प्रत्येक सदस्य स्वयं को निर्वाचन आयोग का प्रतिनिधि समझ कर चुनावी दायित्वों को पारदर्शिता एवं निश्पक्षता के साथ पूरा करें। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के समय दी गई जानकारी एवं पीठासीन अधिकारियों के लिए निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश की पुस्तिका के अनुरूप ही सभी कार्य समय पर पूरे करें। उन्होंने कहा कि मतदान दिवस पर प्रातःकाल मॉकपॉल से लेकर मतदान समाप्ति तक सभी कार्मिक सजगता से कार्य करें। समय-समय पर भेजी जाने वाली रिपोंट को जांच करने के उपरान्त ही भेजें। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों पर चुनाव अभिकर्ताओं को भी निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों की जानकारी देकर शांतिपूर्ण एवं स्वतन्त्र मतदान के लिए अवगत करायें।जिला निर्वाचन अधिकारी ने कार्मिकों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जिला स्तर से पुलिस एवं प्रशासन का सारा अमला आपके साथ खड़ा है सभी कार्मिक निर्भीकता से कार्य करते हुए त्रुटि रहित चुनाव सम्पन्न करायें। आत्मविश्वास एवं धैर्य के साथ सभी कार्मिक टीम भावना से कार्य करें। उन्होंने कहा कि मतदान दल का कोई भी सदस्य मतदान समाप्ति तक किसी का भी आतिथ्य स्वीकार नहीं करें, मतदान केन्द्रों पर आवास, भोजन आदि की व्यवस्था में सहयोग के लिए स्थानीय विद्यालय एवं ग्राम पंचायत को निर्देशित किया हुआ है। उन्होंने कहा कि सभी कार्मिक चुनाव प्रक्रिया को गम्भीरता से लेकर मतदान केन्द्र पर मोबाईल की अनुमति किसी को भी नहीं दें, मतदान केन्द्र मेनेजमेंट एवं मतदाताओं की कतार प्रबंधन में सक्रियता से सहयोग करें। उन्होंने कहा कि मतदान शुरू होने से लेकर मतदान समाप्ति तक समय-समय पर भेजी जाने वाली सूचनाएं, रजिस्टर संधारण जैसे कार्य त्रुटि रहित पूरे किये जायें। उन्होंने कहा कि संवेदनशील, अतिसंवेदनशील केन्द्रों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस जाब्ता तैनात किया गया है। सैक्टर अधिकारी, पुलिस दल, सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं भ्रमणशील दल निरंतर मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करेंगे। किसी भी परेशानी के समय उन्हें अवगत करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिन केन्द्रों पर लाइव वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है, उनमें मतदान केन्द्र की संख्या एवं बूथ पर प्रवेश करते समय मतदाता दिखाई देना चाहिये यह सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने मतदान की गोपनीयता को बनाये रखने के लिए किसी को भी मोबाईल ले जाने नहीं देने एवं वोटिंग कम्पार्टमेंट में एक से अधिक मतदाता को एक साथ अनुमत नहीं करने के निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता पहचान पत्र के अलावा 12 फोटोयुक्त वैकल्पिक दस्तावेज मतदान के लिए अनुमत किये हैं, इसकी पालना सुनिश्चित की जाये। उन्होंने मतदान समाप्ति के बाद मतदान सामग्री जमा होने तक बर्ती जाने वाली सावधानी एवं आवागमन के समय निर्धारित रूट चार्ट की पालना सख्ती से करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रशिक्षण प्रकोष्ठ के दक्ष प्रशिक्षक सुरेन्द्र गोपालिया, राजेन्द्र सिंह ने मतदान दिवस पर बरती जाने वाली सावधानियों, ईवीएम की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार मीना, अतिरिक्त कलक्टर शहर श्वेता यादव, प्रशिक्षण प्रकोष्ठ प्रभारी एवं डीआईजी स्टाम्प सुनील आर्य, एसीईओ जिला परिषद शैलेन्द्र सिंह सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### दो पारियों में हुए मतदान दल रवाना

अंतिम प्रशिक्षण के पश्चात प्रातः 11 बजे कामां, नगर, डीग-कुम्हेर एवं वैर विधानसभा क्षेत्र के मतदान दल रवाना हुए तथा दोपहर 2 बजे बयाना, नदबई एवं भरतपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदान दल रवाना हुए। शुक्रवार को संसदीय क्षेत्र में प्रातः 7 बजे से सांय 6 बजे तक मतदान का समय रहेगा। मतदान समाप्ति के बाद मतदान दलों के कार्मिक मतदान सामग्री को एमएसजे कॉलेज में जमा करायेंगे।

### संसदीय क्षेत्र में 21 लाख 14 हजार 916 मतदाता

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि संसदीय क्षेत्र में 21 लाख, 14 हजार, 916 मतदाता हैं जिनमें 11 लाख 26 हजार 578 पुरूष मतदाता, 9 लाख 88 हजार 317 महिला मतदाता, 21 ट्रांसजेंडर्स हैं। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र कामां में 2 लाख 67 हजार 628 मतदाता, नगर में 2 लाख 49 हजार 738 मतदाता, डीग-कुम्हेर में 2 लाख 56 हजार 668 मतदाता, भरतपुर में 2 लाख 81 हजार 83 मतदाता, नदबई में 2 लाख 91 हजार 926 मतदाता, वैर में 2 लाख 72 हजार 346 मतदाता, बयाना में 2 लाख 66 हजार 481 मतदाता, कठूमर (अलवर) में 2 लाख 29 हजार 46 मतदाता शामिल हैं। उन्होंने बताया कि संसदीय क्षेत्र में 30 सहायक बूथ सहित 2024 मतदान बूथ बनाये गए हैं। जिनमें 334 शहरी क्षेत्र में, 1690 ग्रामीण क्षेत्र में शामिल हैं। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र कामां में 255, नगर में 235, डीग-कुम्हेर में 236, भरतपुर में 253, नदबई में 288, वैर में 260, बयाना में 265 एवं अलवर जिले के कठूमर में 232 मतदान केन्द्र हैं। उन्होंने बताया कि संसदीय क्षेत्र में 64 महिला कार्मिक प्रबन्धित बूथ, 64 युवा कार्मिक प्रबन्धित बूथ, 8 दिव्यांग प्रबन्धित बूथ, 8 मॉडल बूथ हैं।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बोले

# अबकी बार देश में 400 पार के लिए 100 फीसदी मतदान करें



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जनता से लोकसभा के आम चुनाव में सौ फीसदी मतदान करने का आह्वान किया है। क्योंकि अबकी बार भाजपा 400 पार जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र में मतदाताओं का हर वोट महत्वपूर्ण है। प्रदेश के नागरिक अपनी जिम्मेदारी समझते हुए मताधिकार का प्रयोग करें। मुख्यमंत्री ने दावा किया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 साल के काम और राज्य में मौजूदा भाजपा सरकार द्वारा किए गए जनहित के फैसलों के बल पर भाजपा राजस्थान की सभी 25 सीट जीत रही है। जनता मानती है कि मोदीजी की गारंटी मतलब पूरा होने की गारंटी है। जनता पीएम मोदी पर विश्वास करती है। पीएम मोदी ने राजस्थान का ईआरसीपी व यमुना समझौता करवा दिया। इन योजना से सालों से पानी की समस्या का समाधान होगा। हमने चुनाव से पहले वादे किए थे। पेपरलीक होने से युवाओं में बड़ा दुख था। एसओजी पहले भी थी, लेकिन सरकार की दृढ़ इच्छा शक्ति से अब पेपरलीक वाले पकड़े जा रहे हैं। कांग्रेस के लोगों में से राम ही निकल गए। कई ने तो कांग्रेस का टिकट ही वापस कर दिया। हम संकल्प पत्र की एक एक बात को पूरा करते है और करेंगे। इस बार भाजपा 400 पार जाएगी।

3 साल के मासूम को कुत्ते ने नोचा

# घर के बाहर खेल रहा था, आंख समेत शरीर के कई हिस्सों पर आए घाव

राजस्थान की राजनीति

**पाली।** घर के बाहर खेल रहे 3 साल के बच्चे पर बुधवार की शाम एक कुत्ते ने हमला कर दिया। कुत्ते ने उसे जगह-जगह से नोच खाया। मामला पाली जिले के सिनला गांव का है। गंभीर घायल बच्चे को बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार जिले के सिनला गांव (सोजत रोड) निवासी ढगलाराम देवासी का 3 साल का बेटा नारायण घर के बाहर खेल रहा था। इस दौरान अचानक एक कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया। बच्चे के चिल्लाने की आवाज सुन परिजन बाहर आए। बच्चे को कुत्ते के चंगुल से छुड़ाकर वे उसे लेकर पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। जहां बच्चे का इलाज जारी है। परिजनों ने बताया- कुत्ते ने मासूम के हाथ-पैर से सहित चेहरे पर भी काटा। इससे उसकी एक आंख की पलक पर भी चोट आई। इलाज के लिए मासूम को बांगड़ हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। बता दें कि पाली में लगातार कुत्तों के काटने के मामले बढ़ते जा रहे हैं। गत दिनों मंडिया गांव में दूध लेकर घर आ रहे 10 साल के लड़के को और आदर्श नगर में खेल रहे बच्चों पर भी कुत्तों ने हमला किया था। इसके बावजूद कुत्तों को पकड़ने के लिए स्थानीय निकाय कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं कर रही, जिसको लेकर स्थानीय लोगों में रोष है।

सीए को पीटने वाले पुलिसकर्मी को ही दे दी जांच

# पीड़ित बोला- सुनवाई नहीं की, सीधे ही मारने लगे; जेल भेजने की धमकी दी

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** जयपुर के भांकरोटा थाना इलाके में सीए से मारपीट करने के मामले में 2 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया है। हैरानी की बात है कि सीए चिरंजीलाल के साथ मारपीट की घटना की जांच भांकरोटा सीआई राजकुमार मीणा ने उसी हेड कॉन्स्टेबल सुनील को दे दी थी, जिसने सीए चिरंजीलाल के साथ मारपीट की थी।

जब डीसीपी वेस्ट अमित कुमार बुढ़ानिया को इसका पता चला तो उन्होंने हेड कॉन्स्टेबल सुनील और कॉन्स्टेबल राजपाल को सस्पेंड कर दिया। वहीं मौके पर मौजूद अन्य पुलिसकर्मियों के खिलाफ जांच के आदेश एडिशनल डीसीपी गुरुशरण राव को दिए हैं।

उधर, पीड़ित ने कहा कि पुलिसकर्मी जबरन उसके घर का ताला तोड़ने की कोशिश कर रहे थे। मैंने उनको बैठकर बात करने के लिए कहा, लेकिन उन्होंने कोई बात नहीं सुनी और मारपीट करने लगे। धमकी दी कि तुम सब लोगों को जेल में बैठा दूंगा और तुम सब लोगों पर केस कर दूंगा।

बुजुर्ग महिला से हाथापाई करने वाली महिला कॉन्स्टेबल और पीसीआर के ड्राइवर पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। डीसीपी ने इनके खिलाफ जांच के आदेश दिए हैं।



बुजुर्ग महिला से हाथापाई करने वाली महिला कॉन्स्टेबल और पीसीआर के ड्राइवर पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। डीसीपी ने इनके खिलाफ जांच के आदेश दिए हैं।

### एडिशनल डीसीपी इन बिंदुओं पर करेंगे जांच

1. थाने की पीसीआर किसकी सूचना पर मौके पर गई थी। पुलिस कंट्रोल रूम, सीआई के आदेश या फिर कोई थाने में शिकायत लेकर आया था।
2. पुलिसकर्मी किसी के पारिवारिक विवाद में हस्तक्षेप करने क्यों गए। क्या कोई आपराधिक घटना हो रही थी या फिर किसी ने किसी पर हमला कर दिया था।
3. चिरंजीलाल के मकान पर अगर ताला लगा हुआ है तो पुलिस को क्या कोर्ट ने कहा था कि ताला जबरन खोलें। अगर नहीं तो पुलिस मौके पर जाब्ते के साथ क्यों गई।
4. चिरंजीलाल की पत्नी डिंपल की शिकायत अगर सीएम की जनसुनवाई से से थाने पहुंची है तो क्या पुलिस ने कोई एफआईआर दर्ज की है या फिर पुलिस के पास कोई लिखित कार्रवाई के आदेश हैं।
5. बुजुर्ग महिला के साथ किसी भी पुलिस अधिकारी का इस तरह का रवैया क्या सही है। गिरफ्तार लोगों ने पुलिस के साथ भी मारपीट की है तो क्या थाना पुलिस ने कोई शिकायत दर्ज कराई है।
6. क्या चिरंजी लाल के खिलाफ कोई आपराधिक मामला दर्ज है, जो पुलिस ने उसके घर में घुस कर उसके साथ उसके बच्चे और परिवार के सामने मारपीट की।

### महिला कॉन्स्टेबल ने बुजुर्ग महिला से की हाथापाई, लेकिन कार्रवाई नहीं

वीडियो में सीए चिरंजी लाल शर्मा के साथ मारपीट करते हुए तीन पुलिसकर्मी दिखाई दे रहे हैं, जिसमें हेड कॉन्स्टेबल सुनील, कॉन्स्टेबल राजपाल और पीसीआर का ड्राइवर शामिल है, जबकि एक दूसरे वीडियो में महिला कॉन्स्टेबल पार्वती बुजुर्ग महिलाओं के साथ हाथापाई करते नजर आ रही है। डीसीपी वेस्ट ने हेड कॉन्स्टेबल और कॉन्स्टेबल को सस्पेंड कर दिया, लेकिन महिला कॉन्स्टेबल पार्वती और पीसीआर ड्राइवर के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया। हालांकि डीसीपी वेस्ट ने सभी की भूमिका के बारे में जांच करने के लिए अधिकारियों को कहा है। उधर, पुलिस आज पीड़ित परिवार के भी बयान ले सकती है।

### पुलिसवालों ने हमारी कोई बात नहीं सुनी

उधर, पीड़ित चिरंजीलाल ने कहा कि मैं किसी काम से सांगानेर गया हुआ था। इस दौरान मेरी मम्मी का फोन आया कि कुछ पुलिसवाले आए हुए हैं और जबरन ताला तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। मैंने उनसे बात करने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने कोई बात नहीं की। इसके बाद मैं घर पर पहुंचा तो देखा कि एक महिला कॉन्स्टेबल ने मेरी मम्मी को पकड़ रखा है और कुछ पुलिसकर्मी ताला तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। मैंने उनको समझाया और पूरी घटना का वीडियो बनाने लगा तो पुलिसवालों ने मेरा फोन छीन लिया।

पीड़ित ने बताया- मैंने उनसे कहा कि आप बात तो कीजिए क्या मामला है, लेकिन उन्होंने सुनवाई नहीं की, बल्कि मेरे साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान शोर करने पर आस-पड़ोस के लोग वहां पहुंचे और बीच-बचाव करने लगे तो पुलिसवालों ने उनके साथ भी मारपीट की। हेड कॉन्स्टेबल सुनील कुमार ने धमकियां देना शुरू कर दिया कि तुम सब लोगों को जेल में बैठा दूंगा और तुम सब लोगों पर केस कर दूंगा। सब लोगों को डराया-धमकाया और मारपीट की। मेरे बेटे ने पुलिसकर्मियों के पैर पकड़े, लेकिन उन्होंने सुनवाई नहीं की। हम उनसे कह रहे थे कि बैठकर बात करो, लेकिन उन्होंने हमारी एक नहीं सुनी, सिर्फ हाथापाई की। मारपीट में मेरी आंख पर चोट आई है।

### सम्पादकीय

## आज देश के लिए कर्तव्य निभाने का दिन

देश के नागरिकों के लिए आज देश के लिए कर्तव्य निभाने का दिन है। जी हां लोकसभा चुनाव को लेकर आज से मतदान के विभिन्न चरण शुरू होने जा रहे हैं जिसमें सभी मतदाताओं को मतदान देकर देश की सरकार चुननी है।

2024 लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में शुक्रवार को 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर वोटिंग होगी। 2019 में इन सीटों पर सबसे ज्यादा भाजपा ने 40,डीएम ने 24, कांग्रेस ने 15 सीटें जीती थीं। अन्य को 23 सीटें मिली थीं। चुनाव के प्रथम चरण में कुल 1,625 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनमें 1,491 पुरुष और 134 महिला उम्मीदवार हैं। इनमें महिलाएं केवल 8 प्रतिशत हैं। एडीआर ने 1,618 उम्मीदवारों के हलफनामे में दी गई जानकारी पर एक रिपोर्ट तैयार की। इनमें से 16 फीसदी यानी 252 उम्मीदवारों पर क्रिमिनल केस दर्ज हैं। 450 यानी 28 फीसदी उम्मीदवार करोड़पति हैं। इनके पास एक करोड़ या उससे ज्यादा की संपत्ति है। 10 ने अपनी संपत्ति शून्य बताई है, जबकि तीन के पास 300 से 500 रुपए की संपत्ति है। रिपोर्ट के मुताबिक, 10 फीसदी यानी 161 कैंडिडेट ऐसे हैं जिन पर हत्या, किडनैपिंग जैसे गंभीर मामले दर्ज हैं। 7 उम्मीदवारों पर हत्या और 19 पर हत्या की कोशिश के मामले हैं।

18 उम्मीदवारों पर महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले दर्ज हैं। इनमें से एक पर रेप का मामला भी दर्ज है। वहीं, 35 कैंडिडेट्स पर हेट स्पीच से जुड़े मामले दर्ज हैं। सभी उम्मीदवारों की औसत सम्पत्ति 4.51 करोड़ रुपए है। तमिलनाडु की थुथुकूडी सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के. पोनराज 320 रुपए के साथ सबसे गरीब उम्मीदवार हैं। सब कुछ मतदाताओं के सामने है। चुनाव आयोग ने निश्चित रूप से अच्छे-अच्छे नवाचार किए हैं। अब काम देश के मतदाताओं का है।

बढ़ता राजस्थान परिवार देश और प्रदेश के सभी मतदाताओं से देशहित में अपील करता है कि मतदान दिवस के दिन सरकार ने आप सभी को सवैतनिक अवकाश दिया है। वह अवकाश इसलिए है कि आप वोट डालें। इस अवकाश का सही उपयोग भी तभी माना जाएगा जबकि आप पहले वोट डालेंगे और बाकी काम बाद में करेंगे। भारत में अब भी मतदान के प्रति उदासीनता कायम है। लोगों को मतदान बूथ तक लाने के लिए चुनाव आयोग कई सुविधा देता है लेकिन लोग मतदान को जरूरी नहीं मानते। जबकि मतदान करने से ही देश का भविष्य है। ये मानकर चलिए यदि आप मतदान नहीं करते तो फिर आपको सरकार के किसी निर्णय पर अंगुली उठाने का भी अधिकार नहीं है। इसलिए सुबह जल्दी उठिए और पहले वोट डालने जाइये और इसके बाद दूसरे काम करिए। ये देशहित में सबसे जरूरी है।

# दूसरे चरण के लिए पीएम मोदी, योगी सहित दिग्गज झौकेंगे ताकत

**राजस्थान में भाजपा मिशन 25 को लेकर लगातार आगे बढ़ रही है। भाजपा के केंद्रीय नेताओं का फोकस मरुधरा को लेकर कुछ ज्यादा ही है। मरुधरा में चुनाव के दूसरे चरण में भाजपा नेताओं के फिर दौरे होंगे. इसको लेकर पार्टी स्तर पर तैयारी कर रही है। पहले चरण के मतदान के ठीक बाद भाजपा के केंद्रीय नेताओं के दौरे तय कर दिए गए हैं। इनमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सहित तमाम नेताओं के ताबड़तोड़ दौरे होंगे।**

रामस्वरूप रावतसरे

राजस्थान में लोकसभा चुनाव के पहले चरण का चुनावी का शोर थम गया। इसके साथ ही भाजपा ने दूसरे चरण के चुनाव को लेकर अपनी तैयारियां तेज कर दी। पहले दौर के मुकाबले दूसरे दौर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित केंद्रीय नेताओं के दौरे बढ़ा दिए हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 21 अप्रैल को मरुधरा दौरे पर रहेंगे। मोदी इस दिन भीनमाल मे सुबह 11 बजे और बांसवाड़ा में दोपहर 1 बजे चुनावी सभा को संबोधित करेंगे । पीएम मोदी से पहले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह दो दिवसीय दौरे पर राजस्थान आएंगे. अमित शाह 19 अप्रैल को शाम 4 बजे भोपालगढ़ में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद शाम 6 बजे उदयपुर में रोड शो करेंगे, वहीं 20 अप्रैल को सुबह 10 बजे शक्करगढ़ भीलवाड़ा में जनसभा करेंगे, दोपहर 12 बजे कोटा में आम सभा को संबोधित करेंगे। 19 अप्रैल को ही हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी बालोतरा में जनसभा और मंडोर में रोड शो करेंगे। वहीं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 20 अप्रैल को मरुधरा में आएंगे. योगी निम्बाहेड़ा में दोपहर 12 बजे और ब्यावर में दोपहर 2 बजे जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद शाम 4 बजे जोधपुर में रोड शो करेंगे।

लोकसभा चुनाव को लेकर राजस्थान में पीएम मोदी ने चुनाव प्रचार की कमान संभाल रखी है। पीएम मोदी ने पहले चरण में 5 जनसभाएं और 1 रोड़ शो किया. खास बात थी कि पीएम मोदी ने उन सीटों पर फोकस किया जहां बीजेपी को चुनौती मिलती दिख रही है। पीएम मोदी ने सबसे पहले 2 अप्रैल को जयपुर ग्रामीण लोकसभा के



कोटपूतली से चुनावी शंखनाद किया। इसके बाद 5 अप्रैल को चूरू लोकसभा में रखी गई। इसके अगले ही दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 6 अप्रैल को पुष्कर में जनसभा की। पीएम मोदी 11 अप्रैल को करौली- धौलपुर लोकसभा सीट पर चुनावी सभा की। इसके बाद 12 अप्रैल पीएम मोदी पांचवा दौरा ख़ास था, क्योंकि मोदी ने एक दिन में उन दोनों सीटों पर पार्टी के पक्ष में माहौल खड़ा करने की कोशिश की जहां बीजेपी कुछ ज्यादा अच्छी स्थति में नहीं है। पीएम मोदी पहले बाड़मेर में चुनावी सभा की। इसके बाद पीएम मोदी दौसा में रोड करने पहुंचे थे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बांरा - झालावाड़ और श्रीगंगानगर - हनुमानगढ़ लोकसभा क्षेत्र में की जनसभा की। वहीं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने 2 रोड़ शो और 1 जनसभा की. शाह ने सीकर और जयपुर में रोड़ शो किया, जबकि अलवर में जनसभा को संबोधित किया। हालांकि शाह ने जनसभाओं से पहले क्लस्टर बैठके ली। जिसमे जयपुर,जोधपुर और बीकानेर क्लस्टर की बैठक शामिल है। वहीं केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बीकानेर और झुंझुनू में जनसभाएं की। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बीकानेर में किया प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित, केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण और वीके सिंह ने भी किए राजस्थान के चुनावी दौरे किये। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने भी तीन लोकसभा क्षेत्रों में चुनावी दौरा किया. जिसमे भरतपुर, दौसा और सीकर लोकसभा क्षेत्र में जनसभाओं को संबोधित किया। वहीं हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी ने भी राजस्थान में ताकत झोंकी, सैनी अलवर, झुंझुनू,सीकर और जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्रों में की जनसभाएं की। स्टेट लीडरशिप में मुख्यमंत्री भजन लाल ने पूरी कमान संभाली. सीएम भजनलाल ने सभी लोकसभा क्षेत्रों के किए दौरे। सीएम ने पिछले एक महीने में 70 सभा और कार्यक्रमों में भाग लिया है। मुख्यमंत्री ने औसतन रोजाना दो से ज्यादा कार्यक्रमों में भाग लिया है।

पिछले एक सप्ताह में मुख्यमंत्री एक दिन में तीन से ज्यादा सभा, रोड शो, प्रबुद्धजन सहित अन्य कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी दे रहे है। जिसमें क्लस्टर कार्यकर्ता बैठक, नामांकन रैली, चुनाव कार्यालय उद्घाटन, जनसभाएं, समाजों की बैठक, मंदिर दर्शन, रोड शो, प्रधानमंत्री की सभाएं के साथ ही पार्टी के स्थानीय कार्यक्रम शामिल हैं। राजस्थान में लोकसभा की 12 सीटों के लिए चुनाव प्रचार समाप्त होने से पहले तक मुख्यमंत्री ने एक महीने में 27 जनसभा और 7 रोड शो किए है। उधर डिप्टी सीएम दिया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा ने भी ताकत दिखाई.सीएम भजन के बाद दिया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा ने सबसे ज्यादा सभाएं की। हालांकि पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने पहले चरण के चुनाव प्रचार से दूरी बनाई हुई दिखी। राजे सिर्फ बारा झालावाड़ तक सीमित रही। राजे पुत्र दुष्यंत सिंह के प्रचार से बाहर नहीं निकल पाई।

# व्यंग्य : सोना "खरा" है कि "खोटा"

सुनील कुमार महला

हम सभी भारतीय हैं और भारतीयों का सोने के प्रति अतिरिक्त मोह अभी अभी पैदा नहीं हुआ है। यह सदियों सदियों से भारतीयों में रहा है और रहेगा। जी हां, हम सोने की (गोल्ड) बात कर रहे हैं, नींद वाले ''सोने'' की नहीं। हाल ही में अप्रैल में ही गोल्ड साढ़े तिहत्तर हज़ार प्रति तौला के हिसाब से आलटाइम हाई रेट पर बिका। खैर जो भी हो, अलग-अलग लोगों के लिए सोने का मतलब भी अलग-अलग है। मसलन महिलाओं के लिए ''सोने'' का मतलब गोल्ड से है। लोहे का काम करने वालों के लिए लोहा ही सोना है। सब्जी वाले के लिए सब्जियां, कपड़े का व्यापार करने वालों के लिए कपड़ा, किसानों के लिए खेतों में पैदा होने वाली सारी फसलें, मजदूर के लिए मजदूरी, विद्यार्थी के लिए परीक्षा परिणाम और नेताओं के लिए वोटर्स ही सोना हैं। हमारे जैसे लेखकों के लिए लिखना ही सोना है और सोने (नींद लेने वालों) वालों के लिए सोना(नींद लेना) ही सोना है। कुल मिलाकर सोने की कहानी बड़ी अजब-गजब है। अब कोई कच्चे तेल को काला सोना कहते हैं तो किसान कोटन को सफेद सोना कहते हैं। वैसे चाय हरा सोना कहलाती है तो केसर लाल सोना। सोयाबीन पीला सोना कहलाती है तो पानी नीला सोना कहलाता है। शैवाल की खेती को हरा सोना कहा जाता है तो नीलगिरी और देवदार के पेड़ों को ब्राऊन सोना कहा जाता है। वैसे तंबाकू को भी ब्राऊन सोना कहा जाता है।



अब आप ही बताइए कोई बालीवुड में हीरोइनों के बालों को ''सोना'' कहता है तो कभी आशा भौंसले और मोहम्मद रफी जी इस सोना को लेकर गुनगुनाते हैं -''ओ मेरे सोना रे सोना रे...। अब कोई सिगरेट के नाम के आगे ''गोल्ड'' लगाता है तो कोई मेडल के आगे। कोई सोने को ''खरा'' कहते हैं तो कोई ''खोटा''। बहरहाल, सच बात तो यह है कि सोना आदमीजात को हमेशा हमेशा से कंफ्यूज करता आया है। और आपको तो पता ही है कि कन्फ्यूज़्ड आदमी को कभी भी नींद नहीं आती है। मतलब कि उसे ''सोना'' नसीब नहीं हो सकता है। वैसे गोल्ड वाला सोना आदमी की नींद उड़ाता है तो सोने वाला (नींद वाला) सोना आदमी को सुकून देता है। एक सोने(गोल्ड) को लोकर में रखना पड़ता है तो दूसरा ''सोना'' (नींद) जब आदमी के पास होता है तो घोड़े बेचकर सोता है। एक तरफ सोने(नींद) में सुकून है तो दूसरी तरफ सोने (गोल्ड) में सुकून छिन जाता है। सोने(गोल्ड) की रखवाली के लिए आदमी को दिन-रात जागना पड़ता है। इसलिए हम तो कहते हैं कि अजी ! कोई सा भी सोना हो, सोने का मोह बिल्कुल भी मत कीजिए। सोने (गोल्ड) में भी मादकता है और सोने (नींद) में भी मादकता है और आपको तो पता ही है कि मादकता ठीक चीज नहीं होती है। इसलिए आप किसी भी सोने के चक्कर में मत पड़िए। आप तो सोते सोते हमारा सोने पर यह व्यंग्य पढ़िए और इसे ही सोना मानकर मस्त -मलंग रहिए। जय राम जी की। गुस्ताख़ी माफ़।

## आज का इतिहास

### 19 अप्रैल की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- बहलोल लोदी ने 1451 में दिल्ली पर कब्जा किया।
- कैप्टन जेम्स कुक 1770 में ऑस्ट्रेलिया पहुंचने वाले पहले पश्चिमी व्यक्ति बने।
- अमेरिकी क्रांति की 1775 में शुरुआत।
- कैलिफोर्निया हिस्टोरिकल सोसायटी का 1852 में गठन हुआ।
- हैली पुच्छल तारा 1910 में पहली बार खुली आँखों से देखा गया।
- अमेरिका के लेस्ली इरविन ने 1919 में पैराशूट से पहली छलांग लगायी।
- फिलिस्तीन में 1936 में यहूदी विरोधी दंगे शुरू हुए।
- श्यामा प्रसाद मुखर्जी 1950 में इस्तीफा देने वाले पहले कैबिनेट मंत्री बने।
- बांग्लादेश 1972 में राष्ट्रमंडल का सदस्य बना।
- तत्कालीन सोवियत रूस की मदद से 1975 में पहला भारतीय उपग्रह आर्यभट्ट प्रक्षेपित किया गया।
- नासा ने 1982 में सैली राइड को पहली महिला अंतरिक्ष यात्री होने का नाम दिया
- अफ्रीकी देश सिएरा लियोन ने 1989 में गणतंत्र की घोषणा की।
- बी.बी.सी. द्वारा 1999 में अंतर्राष्ट्रीय समाचार पत्रिका आरम्भ करने की योजना बनायीं।
- बी.एस.एफ़. ने 2001 में मेघालय के गांव से बांग्लादेशी सेना को मार भगाया था।
- चीन की महिला भारोत्तोलक बांग मिंग च्यान ने 2003 में विश्व रिकार्ड बनाया।
- जर्मनी के कार्डिनल योसिफ़ रान्सिंगर रोमन कैथोलिक चर्च के 2005 में नये पोप चुने गये।
- प्रथम अंतरिक्ष यात्री नील आर्मस्ट्रांग को 2006 में उनके द्वारा लाया गया चांद टुकड़ा भेंट किया गया।
- क्यूबा के पूर्व राष्ट्रपति फिदेल कास्त्रो ने 2011 में कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ क्यूबा की केन्द्रीय समिति में 45 वर्षों तक बने रहने के बाद पद से इस्तीफा दिया।

### 19 अप्रैल को जन्मे व्यक्ति

- 1922 में द्वितीय विश्व युद्ध में जर्मन लड़ाकू विमान चालक एरिच हार्टमैन का जन्म।
- 1864 में पंजाब के प्रसिद्ध आर्य समाजी नेता, समाज सुधारक और शिक्षाविद महात्मा हंसराज का जन्म हुआ।
- 1968 में बॉलीवुड अभिनेता अरशद वारसी का जन्म हुआ।
- 1977 में भारत की प्रसिद्ध एथलेटिक्स खिलाड़ी अंजू बॉबी जॉर्ज का जन्म हुआ।

### 19 अप्रैल को हुए निधन

- प्रसिद्ध जीवविज्ञानी चार्ल्स डार्विन का 1882 में निधन।
- देश की आज़ादी के लिए शहीद होने वाले युवा क्रांतिकारी अनंत लक्ष्मण कन्हेरे का निधन 1910 में हुआ था।
- भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सैयद हसन इमाम का निधन 1933 में हुआ था।
- प्रसिद्ध चिकित्सक और संरक्षणवादी जिम कार्बेट का निधन 1955 में हुआ था।
- द विजार्ड आफ़ आईडी सीरीज के कार्टूनिस्ट ब्रैंड पार्कर का निधन 2007 हुआ था।

# जेल की बजाय जमानत की अवधारणा केवल दिखावा बनकर रह गई

पिछले महीने गुजरात में जिला न्यायाधीशों के एक अखिल भारतीय सम्मेलन में बोलते हुए, भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने कहा कि इस बात की आशंका बढ़ रही है कि जिला अदालतें व्यक्तिगत स्वतंत्रता से संबंधित मामलों पर विचार करने के लिए अनिच्छुक हैं। उन्होंने कहा कि 'जमानत एक नियम है, जेल एक अपवाद है' का लंबे समय से चला आ रहा सिद्धांत कमजोर होता दिख रहा है, जैसा कि ट्रायल कोर्ट द्वारा जमानत की अस्वीकृति के खिलाफ अपील के रूप में उच्च न्यायालयों और सुप्रीम कोर्ट में पहुंच रहे मामलों की बढ़ती संख्या से पता चलता है। यह प्रवृत्ति पूरी तरह से पुनर्मूल्यांकन की मांग करती है।

उन्होंने पिछले सप्ताह वही विचार दोहराए जब उन्होंने ट्रायल कोर्ट में 'नियम के रूप में जमानत, अपवाद के रूप में जेल' सिद्धांत के कमजोर होने पर चिंता व्यक्त की और कहा कि जिला न्यायाधीशों को नागरिकों की व्यक्तिगत स्वतंत्रता को उचित महत्व देकर इस प्रवृत्ति के साथ-साथ सार्वजनिक धारणा को भी उलटना चाहिए। समस्या यह है कि यद्यपि भारत के मुख्य न्यायाधीश अपना पद संभालने के बाद से ही इसे दोहराते रहे हैं, लेकिन संदिग्धों और विचाराधीन कैदियों को जमानत देने से इंकार करने में कोई कमी नहीं आई है तो आम इंसानों के बारे में क्या बात करें। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का ही मामला लें। उन्हें दिल्ली की उत्पाद शुल्क नीति से संबंधित एक कथित घोटाले के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय ने हिरासत में लिया है। उनके पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसौदिया इसी मामले में एक साल से अधिक समय से विचाराधीन कैदी के रूप में जेल में हैं। ई.डी. न तो मनी ट्रेल का पता लगा पाई है और न ही कथित रिश्वत की रकम बरामद कर पाई है। केजरीवाल को अब तिहाड़ जेल भेज दिया गया है और उनके साथ एक कट्टर अपराधी जैसा व्यवहार किया जा रहा है। उनके परिवार के सदस्य और अन्य आगंतुक उनके साथ दूर से बात कर सकते हैं, जैसे कि वह ड्क्षहसक हो सकते हैं या भागने की कोशिश कर सकते हैं। निचली अदालत और हाई कोर्ट में उनकी जमानत याचिका खारिज होने के बाद अब उन्होंने इसके लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। देश की खचाखच भरी जेलों में बंद कैदियों में से लगभग 75 प्रतिशत विचाराधीन कैदी हैं। जिनका दोष सिद्ध नहीं हुआ है और फैसला आने के बाद उनमें से कई के अंतत: बरी हो जाने की संभावना है। ऐसे मामले हैं जहां लोग, दोषी साबित नहीं होने पर, अपनी जवानी का पूरा समय या लंबी अवधि जेलों में बिता चुके हैं, सिर्फ इसलिए क्योंकि अभियोजन पक्ष, आम तौर पर राज्य ही, उन्हें जमानत देने से इंकार करने के लिए अदालतों के सामने गुहार लगाता है, जबकि आरोपी बचाव के लिए खुद वकील का बंदोबस्त नहीं कर सकते। ऐसे अधिकांश आरोपियों पर चोरी और झपटमारी जैसे अपेक्षाकृत छोटे आरोप लगते हैं।

## विशेष आलेख

# गुरुग्राम वाले 10 महीने में 6 हजार करोड़ की शराब गटक गए




रामस्वरूप रावतसरे



शराब पीने में गुरुग्राम के लोगों का कोई सानी नहीं है। हालिया आंकड़े बताते हैं कि गुरुग्राम के लोग 6 हजार करोड़ की शराब गटक गए। दरअसल एक्साइज विभाग के आंकड़ों का आकलन है कि पिछले 10 महीने के दौरान गुरुग्राम के लोगों ने 6 हजार करोड़ की शराब पी है। अगर 2023-24 में एक्साइज विभाग की टैक्स की बात की जाए तो इसमें 70 फीसदी का इजाफा हुआ है। इस साल चार से पांच गुणा तक की शराब की बिक्री होने का अनुमान बताया जा रहा है। यानि शराब की इस बढ़ती खपत को देखते हुए आने वाले समय में शराब की खपत और रेवेन्यू दोनों में बड़ा इजाफा होने की संभावना बताई जा रही है।

एक्साइज विभाग के अनुसार, जून 2023 से मार्च 2024 तक करीब छह हजार करोड़ की शराब शहर के लोगों ने खरीदी है। 2024 में 12 जून को नई एक्साइज पॉलिसी लागू होगी। इसके लिए इस बार चुनाव आयोग से परमिशन लेनी होगी। ऐसे में इस बार पॉलिसी में अधिक बदलाव नजर नहीं आएगा। देश की राजधानी दिल्ली से सटे गुरुग्राम में जैसे ही आप एंट्री करेंगे आपको अहसास हो जाएगा कि आप मॉडर्न मयखानों के शहर में आ गए हैं। जगमगाते मयखाने बड़े बड़े शोरूमों को भी मात देते नजर आएंगे। दूधिया रोशनी में नहाए हुए ये मॉडर्न मयखाने बरबस ही आपको अपनी ओर खींचते नज़र आएंगे। अगर शहर में शराब के इन शोरूमों की बात की जाए तो ईस्ट जोन में 79 और वेस्ट जोन में 166 वेंडर हैं। एक वेंडर दो वाइन शॉप ओपन कर सकता है। अगर ईस्ट जोन की बात की जाए 2023-24 में इंडियन मेड फोरन लीकर आईएमएफएल का कोटा 86 लाख 97 प्रूफ लीटर था। वहीं सीएल कंट्री लीकर का कोटा पिछले साल 25 लाख तीन हजार 667 प्रूफ लीटर था। हर महीने अगर एक्साइज टैक्स की वसूली की बात की जाए हर माह टैक्स में बढ़ोतरी हुई है।

2023-24 टैक्स वसूली की बात की जाए तो जून-जुलाई 133 करोड़ से 264 करोड़ का टैक्स वसूला गया है। इसमें 98 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। जुलाई-अगस्त 63 करोड़ से 101 करोड़ टैक्स वसूला, जिसमें 61 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई। अगस्त से सितंबर में 69 से 105 करोड़ का टैक्स आया जिससे 51 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। सितंबर से अक्टूबर 72 से 111करोड़ का टैक्स वाइन शॉप संचालकों ने भरा। इस माह 53 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। अक्टूबर से नवंबर 70 से 111 करोड़ का टैक्स वसूला गया। इसमें 59 प्रतिशत टैक्स बढ़ा। नवंबर से दिसंबर माह में 71 से 129 करोड़ टैक्स हो गया। 80 फीसदी इस महीने टैक्स बढ़ा। दिसंबर से जनवरी 84 से 132 करोड़ का टैक्स हो गया। इस माह 56 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। जनवरी से फरवरी माह में 65 से 98 करोड़ तक टैक्स पहुंच गया। 51 फीसदी इस महीने टैक्स में इजाफा हुआ। फरवरी से मार्च 75 करोड़ से 145 करोड़ का टैक्स वसूला। 93 फीसदी इस महीने बढ़ोतरी हुई। इसी माह तक मार्च से अप्रैल 51 करोड़ से 86 करोड़ का टैक्स आया, जिसमें 67 फीसदी बढ़ोतरी हुई। 2023-24 में 1289 करोड़ का एक्साइज टैक्स आया है। वहीं 2022 में 758 करोड़ का टैक्स वसूला गया था। इस प्रकार मौजूदा साल में 70 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। वेस्ट जोन में 2022-23 में 1190 करोड़ का टैक्स वसूला गया। वहीं 2023-24 में 1202 करोड़ का टैक्स आया। इस जोन में इंडियन मेड फोरन लीकर का कोटा 90 लाख 45 हजार 606 प्रूफ लीटर रहा। वहीं कंट्री लीकर सीएल का 50 लाख 66 हजार 120 प्रूफ लीटर का कोटा रहा। एक्साइज विभाग के सूत्रों के अनुसार हर साल आने वाले टैक्स से चार से पांच गुणा तक शराब की बिक्री होती है। यह कॉन्ट्रैक्टर पर रहता है कि वह शराब किस रेट में बेच रहा है। अनुमानित पिछले साल छह हजार करोड़ तक की शराब जिले भर में बेची गई।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष

स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दोपहर के बाद पारिवारिक जीवन में हर्षोल्लास का वातावरण बना रहेगा। आज कोई नया काम शुरू कर सकते हैं। पिता से आपको लाभ होगा। ज्योतिष और आध्यात्मिक विषयों में आपकी रुचि बनी रहेगी।

### वृष

आज के दिन बौद्धिक काम, नए सृजन और साहित्यिक गतिविधि में आप उलझे रहेंगे। किसी धार्मिक यात्रा का आयोजन हो सकता है। व्यापार में लाभ का अवसर मिलेगा। आज आपको कार्यालय और व्यापार में थोड़ा संभलकर चलना होगा।

### मिथुन

व्यापार में किसी तरह का लाभ होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। पूंजी निवेश में सावधानी बरतें। धार्मिक काम के पीछे धन खर्च हो सकता है। कोर्ट-कचहरी के विषय में संभलकर चलें।

### कर्क

सुबह का समय दोस्तों के साथ घूमने-फिरने, खान-पान एवं मनोरंजन में बीत सकता है। पार्टनरशिप काम में ध्यान रखें। व्यापार में ज्यादा लाभ की उम्मीद नहीं है। दोपहर के बाद आप को प्रतिकूलता का सामना करना पड़ सकता है। दोस्तों के साथ मुलाकात होगी।

### सिंह

स्वभाव में उग्रता हो सकती है, इसलिए वाणी पर संयम रखें। दोपहर के बाद आप आप मनोरंजन की ओर ज्यादा बढ़ेंगे। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ प्रवास या पर्यटन का योग है। शारीरिक और मानसिक रूप से आप स्वस्थ रह पाएंगे।

### कन्या

अपनी वाणी और व्यवहार को संयमित रखना आपके ही हित में रहेगा। आज आपकी नौकरी और व्यवसाय में रुचि बढ़ेगी। आज स्वास्थ्य का ध्यान रखें। साथी कर्मचारियों का साथ मिलेगा। संतान की चिंता आपको हो सकती है। सुख-शांति बनी रहेगी।

### तुला

मानसिक रूप से आप में भावुकता की मात्रा अधिक रहेगी। किसी बात को लेकर ज्यादा विचलित ना हों। अपनी कल्पनाशक्ति से साहित्य-सृजन में आप नवीनता ला पाएंगे। व्यवसाय में सफलता प्राप्त होगी।

### वृश्चिक

मित्रों का सहयोग भी आप को प्राप्त होगा। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी। पारिवारिक शांति बनाए रखने के लिए निरर्थक वाद-विवाद न करें। धन और प्रतिष्ठा में हानि हो सकती है। आप की रचनात्मकता में सकारात्मक वृद्धि होगी।

### धनु

दवाई खरीदने या अस्पताल की फीस पर आकस्मिक खर्च हो सकता है। आज दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ हर काम को आसानी से बना पाएंगे। गृहस्थ जीवन में सुख और शांति बनी रहेगी। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा।

### मकर

आज वाणी पर संयम रखें. स्नेहीजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा। किसी उलझन में दिन गुजरेगा। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। आप नए काम का आरंभ कर सकेंगे।

### कुंभ

आज का आपका दिन लाभकारी है। पारिवारिक और प्रोफेशनल दोनों ही क्षेत्रों में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-परिवार में आनंद का वातावरण आप को खुश रखेगा। बहुत दिनों से अटके सरकारी कामों में सफलता मिलेगी।

### मीन

किसी तरह का आर्थिक लाभ भी हो सकता है। हालांकि, स्वास्थ्य को लेकर उतार-चढ़ाव बना रहेगा। गृह एवं संतान सम्बंधी शुभ समाचार आप को मिलेंगे। पुराने और बचपन के दोस्तों से मुलाकात हो सकती है। दोस्तों के साथ मुलाकात होगी।

# दिया कुमारी बोलीं- हर महिला मोदी को करेगी वोट: अजमेर में कहा- 10 सालों में महंगाई और बेरोजगारी घटी

अजमेर

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की ओर से आयोजित मातृशक्ति सम्मेलन में शामिल होने के लिए उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी गुरुवार को अजमेर पहुंची। दिया कुमारी के अजमेर पहुंचने पर उनका स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बीजेपी से कोई नाराज नहीं है। 10 सालों में इतना विकास हुआ, जितना पहले नहीं हुआ है। इसे देखते हुए हर व्यक्ति प्रधानमंत्री और बीजेपी के लिए वोट करेंगा। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि चुनाव को लेकर महिलाओं में उत्साह है। प्रधानमंत्री मोदी ने महिलाओं के लिए बहुत कुछ किया है। हर योजना का केंद्र बिंदु महिला है और महिलाएं इस चीज को समझती भी हैं। देश की हर महिला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए वोट तो करेगी औरों से भी करवाएंगी।



## 10 सालों में देश में काफी विकास हुआ

राजपूत समाज की नाराजगी के सवाल पर दिया कुमारी ने कहा कि कांग्रेस के पास कुछ बोलने के लिए नहीं है, इसलिए वह कुछ ना कुछ बोलेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व बीजेपी से कोई भी नाराज नहीं है। 10 सालों में देश में काफी विकास हुआ है, इससे पहले कभी इतना विकास नहीं हुआ। इसे देखते हुए हर व्यक्ति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बीजेपी के लिए वोट करेगा। कांग्रेस द्वारा बेरोजगारी को मुद्दा बनाने के सवाल पर दिया कुमारी ने कहा कि उनके बोलने से कुछ नहीं होता। महंगाई और बेरोजगारी भी घटी है। उन्होंने कहा कि हम जॉब गिवस बन चुके हैं। इससे पहले हम नौकरी मांगते थे, लेकिन आज का जो यूथ है उनके स्टार्टअप इतने बड़े हैं। 2013 की तुलना करें तो एक लाख से ज्यादा स्टार्टअप आज है और इस मेंटालिटी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा बनाया गया है।

## कांग्रेस के नेताओं का हमारी पार्टी में स्वागत

उन्होंने कहा कि यूथ हमारे देश को आगे बढ़ना चाहता है। न कि पीछे धकेलना चाहता है। हमारी इकोनॉमी लार्जेस्ट इकोनामी है, पूरे वर्ल्ड में आने वाले समय में तीसरे कार्यकाल में तीसरी अर्थव्यवस्था बनने वाली है। इससे आर्थिक व्यवस्था सुधरेंगी और जॉब भी बढ़ेगी। पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत के बयान पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि इसका मतलब वह खुद मान रहे हैं कि उनके लोग करप्ट हैं। वह सही बात बोल रहे हैं उनके लोग करप्ट हैं। भाजपा ऐसा कुछ नहीं कर रही है, जो भी लोग हमारी पार्टी ज्वाइन कर रहे हैं उनका स्वागत कर रहे हैं लेकिन ऐसा कुछ नहीं जो करप्ट लोगों को ले रहे हैं। उनका पूरा बैकग्राउंड चेक कर ही ज्वाइन कर रहे हैं और जिस पर भी आरोप साबित होंगे उन्हें पार्टी में नहीं रखेंगे।

## दिया कुमारी ने कांग्रेस पर साधा निशाना

दिया कुमारी ने कहा कि हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि पिछली कांग्रेस सरकार के शासन में महिलाओं पर अत्याचार हुए। राजस्थान रेप की राजधानी बन गया था इसलिए जब कांग्रेस के लोग वोट मांगने आए तो उनसे पूछना कि पिछले 5 साल में उन्होंने महिलाओं को कोई सुविधा नहीं दी, न सम्मान दिया। कांग्रेस वालों को अपने घर के दरवाजे से ही रवाना कर देना। उन्होंने कहां कि कांग्रेस को इतने साल हो गए इस देश को लूटते हुए अब तो उन्हें भारत छोड़कर चले जाना चाहिए। विपक्ष का तो यह हाल है कि इनका अब तक नेता ही तय नहीं हुआ है। ना उनके पास नेता है और ना नियत है। पहली बात तो यह जीतेंगे नहीं और अगर जीत गए तो प्रधानमंत्री कौन बनेगा यह अभी तक तय नहीं है।

# गमछे से हाथ बांध जवाई बांध में खुदे प्रेमी-प्रेमिका, 3 घंटे के रेस्क्यू के बाद युवती का शव मिला



पाली

पाली के सुमेरपुर के निकट जवाई बांध में प्रेमीक्कप्रेमिका ने छलांग लगा दी। रेस्क्यू के बाद सुमेरपुर थाना पुलिस ने लड़की की बॉडी बांध से निकाल ली। लड़के की बॉडी को लेकर रेस्क्यू ऑपरेशन अभी जारी है। सुमेरपुर थाना इंचार्ज भारत सिंह रावत ने बताया- सूचना मिली थी कि जवाई बांध में लड़का-लड़की कूदे हैं। मौके पर पहुंचे तो वहां एक मोबाइल फोन, 10 रुपए का नोट और पार्किंग में बाइक मिली। बरामद मोबाइल से सिर्फ एक नम्बर पर ही बात हुई थी। जानकारी पुख्ता होने पर गोताखोरो को मौके पर बुलाया। करीब 2 घंटे के रेस्क्यू के बाद बांध से लड़की की बॉडी निकाली। लड़के की बॉडी की तलाश को लेकर रेस्क्यू फिलहाल जारी है। लड़का लड़की की शिनाख्त को लेकर प्रयास जारी हैं। दोनों प्रेमी प्रेमिका गमछे से एक दूजे का एकक्कएक हाथ बांध कर बांध में कूदे। लेकिन बांध में कूदने के बाद लड़के का हाथ गमछे से खुल गया। लड़की की बॉडी मिली तो उसके एक हाथ पर गमछा बँधा हुआ था।

# हिस्ट्रीशीटर का पीट-पीटकर मर्डर कर हुआ था फरार, अब गिरफ्तार




दौसा

दौसा जिले की मेहंदीपुर बालाजी थाना पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर निरंजन मीणा के मर्डर मामले में कारवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी मनोज शर्मा थाना क्षेत्र के ही भालपुर गांव का रहने वाला है। जो वारदात को अंजाम देने के बाद से ही फरार चल रहा था। जिस पर पुलिस अधीक्षक में 5 हजार का इनाम घोषित किया हुआ था। थाना इंचार्ज गौरव प्रधान ने बताया- 8 अगस्त 2023 आपसी रंजिश को लेकर एक गुट के बदमाशों ने लाठी-डंडों से पीट-पीटकर मीणा सीमला निवासी हिस्ट्रीशीटर निरंजन मीणा की हत्या कर दी थी। मर्डर मामले में पुलिस अब तक 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस ने आरोपी मनोज को भालपुर गांव से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे 3 दिन के डिमांड पर भेज दिया। पुलिस की पकड़ से बचने के लिए आरोपी ने जयपुर, दिल्ली, हरियाणा सहित कई अन्य जगह फरारी काटी। जिसे पुलिस टीम ने लोकेशन ट्रैस कर दबोच लिया। थाना इंचार्ज ने बताया कि मर्डर के मामले का मुख्य आरोपी अभी फरार चल रहा है, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किया जा रहे हैं।

# नाकोड़ा मंदिर से चोरी का खुलासा, 2 आरोपी गिरफ्तार



बाड़मेर

बालोतरा जिले की जसोल पुलिस ने नाकोड़ा मंदिर से तीन दिन पहले चोरी करने वाले दो चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस चुराए गए रुपए बरामद करने का प्रयास कर रही है। साथ ही चोरों से अन्य घटनाओं को लेकर पूछताछ कर रही है। तीन दिन पहले चोरों ने घटना को अंजाम दिया था। पुलिस के अनुसार नाकोड़ा ट्रस्ट के मैंनेजर रमेश कुमार पुत्र शेषराज मेहता ने जसोल थाने में 15 अप्रैल को रिपोर्ट दी थी। इसके मुताबिक जैन श्वतोंबर नाकोड़ा, पार्श्वनाथ तीर्थ मंदिर भोजनशाला भंडार पेटी का ताला तोड़कर रुपए चुराकर कर ले गए। पुलिस ने रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की। चोरी स्थल का जायजा लिया। साथ ही मंदिर में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला है। जसोल थानाधिकारी चंद्रसिंह के मुताबिक पुलिस टीम बनाकर जांच शुरू की। वहीं, सीसीटीवी फुटेज व मुखबिर व तकनीकी मदद से चोरों को नामजद किया। चोर जीगरभाई पुत्र ओधव निवासी बस स्टैंड के पास नाटी भावनगर गुजरात और विराट वसावा पुत्र सहदेव भाई वसावा निवासी अंकलेश्वर राजपिपड़ा बड़ोदारा गुजरात को दस्तयाब कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया। आरोपी से चुराए रुपए बरामदगी का प्रयास किया जा रहा है। आरोपी जीगरभाई व विराट वसावा से गहनता से पूछताछ की जा रही है। कार्रवाई में हेड कांस्टेबल मोहनलाल, कांस्टेबल चावंडसिंह, मांगीलाल शामिल रहे।

# कोतवाली पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 13 मामलों में वांछित चल रहे आरोपी को किया गिरफ्तार

प्रतापगढ़

प्रतापगढ़ में कोतवाली पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 13 मामलों में वांछित चल रहे 25 हजार रुपए के इनामी अपराधी को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक लक्ष्मण दास ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव को मध्य नजर रखते हुए चलाए जा रहे वांछित अपराधियों के धरपकड़ अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। कल पुलिस थाना प्रतापगढ टीम को सूचना मिली की थाना प्रतापगढ के प्रकरण वांछित 25 हजार रूपये का इनामी अपराधी इन्तखाब उर्फ मौलाना निवासी अखेपुर अपने गांव में आया हुआ है। जिसकी सूचना पर थानाधिकारी प्रतापगढ तेजकरण चारण अपने जाप्ते के साथ अखेपुर से वांछित इनामी अपराधी इंतखाब उर्फ मौलाना को डिटेन कर गिरफ्तार किया। इनामी अपराधी लम्बे से प्रकरण में फरार चल रहा था।

# कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत, घायल का इलाज जारी, दोस्त को घर छोड़ने जाते समय हुआ हादसा

डूंगरपुर



तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार तीन युवक घायल हो गए। घायलों को डूंगरपुर के ?जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां दो युवकों की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं, तीसरे युवक का इलाज जारी है। हादसे के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। सदर पुलिस ने मृतकों का पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिए। हादसा बुधवार देर शाम डूंगरपुर के सदर थाना क्षेत्र में आसपुर रोड पर तिजवड़ के पास हुआ। सदर थानाधिकारी गिरधारीलाल ने बताया की बाबूलाल कटारा ने रिपोर्ट देकर बताया की 'मेरा बेटा नरेश कटारा (19) निवासी मांडवा खापरडा और महेश (16) पुत्र जीवा कटारा निवासी मांडवा खापरडा दोनों ही राहुल (20) पुत्र मोहन कलासुआ निवासी टाटिया को छोड़ने बाइक लेकर जा रहे थे। रास्ते में तिजवड सरकारी स्कूल के पास सामने से आ रही एक कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में नरेश, महेश और राहुल के हाथ, पैर, सिर सहित शरीर के कई हिस्सों पर चोटें लगी। मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें डूंगरपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान देर रात नरेश और महेश की मौत हो गई। जबकि राहुल का इलाज चल रहा है। घटना की सूचना पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अस्पताल के मॉर्च्युरी में रखवाया गया। गुरुवार सुबह दोनों का पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिए। बाबूलाल ने बताया की नरेश उसका इकलौता बेटा था। जबकि 4 बेटियां है। बेटे और भाई की मौत के बाद परिवार में मातम का माहौल है। नरेश कलर करने का काम करता था। वहीं, महेश कॉलेज की पढ़ाई पूरी होने के बाद आईटीआई कर रहा था। महेश के एक छोटा भाई और एक बहन है।

# किराए के कमरे में मिली युवक की डेडबॉडी, 15 दिन पहले लिया था, 3 दिन से बंद था दरवाजा

जालोर



जालोर में किराए के कमरे में युवक का शव मिला। युवक टेलीकॉम कंपनी में कर्मचारी था। उसने 15 दिन पहले ही कमरा किराए पर लिया था। कमरा कुछ दिन से बंद था। बदबू आई तो पुलिस को सूचना देकर दरवाजा काटा गया। अंदर लाश थी। मामला जालोर के लालपोल इलाके का है। एसआई शशिकला ने बताया- जालोर के लालपोल इलाके में मकान मालिक मोहनलाल पुत्र आखोराम माली की ओर से गुरुवार दोपहर 1 बजे सूचना दी गई कि उनके मकान में किराए से रहने वाले देवकुमार सिंह (25) के कमरे से बदबू आ रही है। कमरा अंदर से बंद है। सूचना पर दोपहर 1.30 बजे मौके पर पहुंचे। कमरे का गेट काट कर पुलिस अंदर पहुंची। कमरे में फर्श पर बिस्तर पर शव पड़ा था। शव 3-4 दिन का हो चुका था। पुलिस ने शव को जिला हॉस्पिटल जालोर की मॉर्च्युरी में रखवाया। मौके पर मिले दस्तावेज के आधार पर युवक के परिजनों को सूचित कर दिया गया है। उनके आने के बाद पोस्टमॉर्टम कर शव सौंपने की कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के अनुसार- देवकुमार सिंह पुत्र तेजसिंह सांचौर जिले के कारोला गांव में स्थित जवानजी की कोठड़ी का रहने वाला था। उसने 15 दिन पहले ही मोहनलाल माली में मकान में किराए पर कमरा लिया था। वह जालोर में टेलीकॉम कंपनी में कार्यरत था। माना जा रहा है कि बीमारी या अन्य कारण से युवक की मौत हो गई। मोहनलाल परिवार समेत मकान में पीछे की तरफ रहते हैं। आगे बने 4 कमरे किराए पर दे रखे हैं। गुरुवार को कमरे से बदबू आई तो आस-पास रहने वाले लोगों ने मोहनलाल को इसके बारे में बताया। उन्होंने दरवाजा खटखटाया लेकिन कोई आवाज नहीं आई। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस को देवकुमार के रूम से सुसाइड नोट नहीं मिला है। फिलहाल मौत का स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है।

# पुलिस कस्टडी में मर्डर के आरोपी ने किया सुसाइड, हवालात में ओढ़ने की चद्दर से लगाया फंदा

लालसोट

पत्नी से अवैध संबंधों के चलते भांजे की हत्या करने के आरोपी ने पुलिस कस्टडी में सुसाइड कर लिया। आरोपी ने ओढ़ने के लिए मिले चद्दर का एक हिस्सा फाड़ कर फंदा बना हवालात में लगी लोहे की जाली से लटक कर जान दे दी। पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना बुधवार रात एक बजे दौसा जिले के लालसोट पुलिस थाने की है। पुलिस ने बताया कि मनोज मीणा (32) को भांजे लोकेश मीणा (27) की हत्या के आरोप में बुधवार को ही डिटेन किया गया था। दरअसल, मनोज की प%ी का भांजे लोकेश के साथ अवैध संबंध था। मनोज को इसका पता चला तो उसने सात दिन पहले 11 अप्रैल को अपने साले के साथ मिलकर लोकेश की हत्या कर दी। शव को नदी क्षेत्र में गाड़ दिया था।

## जांच के लिए टीम गठित

दौसा एसपी रंजिता शर्मा ने बताया- आरोपी मनोज से पूछताछ के बाद उसके भांजे लोकेश का शव बरामद कर लिया गया। इसके बाद मनोज को लालसोट पुलिस ने बुधवार सुबह डिटेन कर हवालात में बंद कर दिया था। जहां देर रात करीब एक बजे उसने ओढ़ने की चद्दर से फंदा बनाकर सुसाइड कर लिया। पूछताछ के दौरान उसकी हालत ठीक थी। पुष्टि और जांच के लिए न्यायिक मजिस्ट्रेट नियुक्त हो चुके हैं। मेडिकल बोर्ड द्वारा शव का पोस्टमॉर्टम किया जाएगा। निष्पक्ष जांच के लिए वीडियोग्राफी भी करवाई जा रही है। इस दौरान परिजन भी मौजूद रहेंगे। न्यायिक जांच के लिए दौसा गजराज सिंह, एफएसएल, एमआईयू टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए। एएसपी



लोकेश सोनवाल ने बताया- मंगलवार शाम को लालसोट के तलाव गांव के रहने वाले कुंजीलाल मीणा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका भाई लोकेश मीणा (27) 11 अप्रैल से लापता है। लोकेश गुजरात के अंकेश्वर में अपने मामा मनोज मीणा (32) निवासी महाराजपुरा (लालसोट) के साथ काम करता है। 10 अप्रैल को उसने अपने घर फोन करके बताया कि वह लालसोट आ रहा है और ट्रेन में बैठ गया है। मगर वह घर नहीं पहुंचा। रिपोर्ट में कुंजीलाल ने अपने मामा मनोज मीणा पर शक जताया। जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर मनोज मीणा को डिटेन किया और पूछताछ शुरू की। इसके बाद भांजे की हत्या का खुलासा हुआ। पुलिस ने बताया कि पूछताछ में पता चला कि लोकेश राजस्थान आने के बाद सवाईमाधोपुर के नरौली चौड़ में पहुंचा था। जहां मनोज का साला धर्मेंद्र मीणा रहता है। इस दौरान आरोपी मनोज मीणा की पत्नी अपने पीहर नारोली चौड़ में थी। आरोपी की पत्नी के भांजे लोकेश के साथ अवैध संबंध थे। ऐसे में वह उससे मिलने नरौली चौड़ पहुंच गया।

# गैंगरेप के 4 आरोपियों को आखिरी सांस तक कैद, बेगूं एडीजे कोर्ट ने सुनाया फैसला

बेगूं

महिला से गैंगरेप और लूट के मामले में कोर्ट ने 4 आरोपियों को आखिरी सांस तक उम्रकैद और 5-5 लाख रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई। फैसला बेगूं की एडीजे कोर्ट ने सुनाया। मामला करीब 6 साल पहले का है। बदमाशों ने घर जा रहे दंपति को रास्ते में रोककर मारपीट की और नगदी, मोबाइल लूटे। पति को बंधक बनाकर प%ी के साथ गैंगरेप किया था। एडीजे कोर्ट के न्यायाधीश राकेश गोयल ने बेगूं क्षेत्र के गांव मंडावरी के रहने वाले अशोक पुत्र रामदेव, निर्मल उर्फ बिरमल पुत्र मोड़ा, सहदेव पुत्र भरतरी, गांव पाड़ावास के रहने वाले कैलाश पुत्र सुरेश को उम्रकैद और 5-5 लाख रुपए जुर्माना की सजा सुनाई है। धारा 376 डी गैंगरेप में उम्रकैद और 5-5 लाख रुपए जुर्माना। जुर्माना नहीं देने पर 3-3 साल का फिर से कारावास। धारा 395 लूट और डकैती में भी आजीवन कारावास और 50-50 हजार रुपए जुर्माना। जुर्माना नहीं देने पर 1-1 साल की फिर से जेल होगी। कोर्ट ने दोनों धाराओं में आरोपियों को दोषी ठहराया है। आरोपियों द्वारा जुर्माना राशि जमा कराने पर प्रत्येक में से ढाई लाख यानि 10 लाख रुपए पीड़िता को सहायता राशि दी जाएगी। कोर्ट ने अलग से पीड़ित प्रतिकर योजना के तहत सरकार से 5 लाख रुपए पीड़िता को दिलाने का भी प्रस्ताव भेजा है। अपर लोक अभियोजक फरीद मोहम्मद मिर्जा ने बताया कि पीड़ित पक्ष की पैरवी करते हुए 86 दस्तावेज और 21 गवाह पेश किए गए। गैंगरेप मामले में 2 अन्य आरोपी बाल अपचारी है। जिनका भी चालान पेश किया गया। उनका मामला चित्तौड़गढ़ बाल न्यायालय में विचाराधीन है। मिर्जा ने बताया कि कोर्ट द्वारा सजा सुनाते वक्त आरोपी अशोक और सहदेव मौजूद रहे। कैलाश को मांडलगढ़ जेल में और निर्मल उर्फ बिरमल को भीलवाड़ा जेल में



आनलाइन यह सजा सुनाई गई। 30 जुलाई 2018 को बाइक सवार दंपती अपने घर जा रहे थे। 2 बाइकों पर सवार 6 बदमाशों ने रास्ता रोककर दंपती से मारपीट की। दोनों को सड़क से दूर जंगल में लेकर गए। बदमाशों ने पर्स लूटा, जिसमें 11 हजार रुपए की नगदी थी। एक एन्डराइड मोबाइल और सोने का मांदलिया लूट लिया। पति को बंधक बनाकर मारपीट की फिर महिला से मारपीट कर उसके साथ झाड़ियों की आड़ में बारी-बारी से दुष्कर्म किया। वारदात के बाद दंपती को जान से मारने की धमकी दी गई। पारसोली थाने की पुलिस ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान पेश किया और 2 बाल अपचारी डिटेन किए थे।? जानकारी के अनुसार गैंगरेप के आरोपी निर्मल उर्फ बिरमल और कैलाश नवंबर 2021 में बेगूं जेल तोड़कर भागे थे। कैलाश के विरुद्ध 21 और निर्मल के विरुद्ध 6 अपराधिक मामले अलग-अलग थानों में दर्ज है। इनके विरुद्ध जेल तोड़कर भागने,चोरी, डकैती,लूट, आर्म्स एक्ट में मामले दर्ज है। गैंगरेप की शर्मशार घटना को लेकर लोग सड़कों पर उतरे थे।

# सरकारी स्कूल में टीचर ने मचाया उत्पात, प्रधानाचार्य से की हाथापाई, विभाग ने किया एपीओ

झालरापाटन

झालरापाटन में तीतरवासा के सरकारी स्कूल में आज सुबह एक शिक्षक ने जमकर उत्पात मचाया। व्याख्याता गौरव मीणा ने प्रधानाचार्य के साथ हाथापाई की और कार्यालय के सरकारी दस्तावेज फेंक कर स्कूल कार्यालय की टेबल कुर्सियां उलट दी। घटना का पता जब गांव वालों को लगा तो आक्रोशित ग्रामीणों ने स्कूल के में गेट पर ताला लगा दिया और नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य चंद्रेश राठौर ने बताया कि सुबह करीब 9◭30 बजे वे स्कूल में परीक्षा की तैयारी में जुटे हुए थे। उसी समय व्याख्याता गौरव मीणा विद्यालय में आया और सीधा प्रधानाचार्य कक्ष में गया, जहां पर प्रधानाचार्य के साथ हाथापाई की और उनके कक्ष में टेबल पर रखे दस्तावेज बिखेर दिए और टेबल को उलेटते हुए अभद्र भाषा में



बोलने लगा। इसकी सूचना लगते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण स्कूल में आ गए। इन्होंने भी व्याख्याता के व्यवहार को लेकर आक्रोश जताते हुए स्कूल के मैन गेट पर ताला लगा दिया और घटना के विरोध में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। ग्रामीण ने बताया कि व्याख्याता गौरव मीणा स्कूल में करीब डेढ़ वर्ष से कार्यरत है। जो कभी विद्यालय में नियमित नहीं आता। कई बार तो पूरे महीने स्कूल से गायब रहता है। बीच-बीच में आकर उपस्थिति पंजिका में अनुपस्थित रहने के बावजूद उपस्थिति के हस्ताक्षर कर देता है। ग्रामीणों ने शिक्षक पर शराब पीकर स्कूल आने का भी आरोप लगाया है। जिससे बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है और उनका परीक्षा परिणाम भी कमजोर हो रहा है। उन्होंने बताया कि उसके इस व्यवहार के बारे में कई बार विभागीय अधिकारियों, जिला प्रशासन के अधिकारियों, विधायक और सांसद को शिकायत की जा चुकी है, लेकिन इसके खिलाफ आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। सूचना मिलने पर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद सोनी स्कूल पहुंचे। उन्होंने प्रधानाचार्य और ग्रामीणों से घटनाक्रम की जानकारी लेते हुए आरोपी की व्याख्याता गौरव मीणा को तत्काल प्रभाव से एपीओ कर दिया। उन्होंने बताया कि व्याख्याता पूर्व में भी कई बार विद्यालय स्टाफ के साथ अभद्रता कर चुका है और ग्रामीणों की भी इसके बारे में पिछले एक वर्ष से लगातार शिकायतें मिल रही है। उन्होंने पूर्व में जांच कर 4 मार्च 2024 को निदेशक माध्यमिक शिक्षा बीकानेर को पत्र भेजकर इस व्याख्याता को एपीओ करने की अनुशंसा की थी, लेकिन इसके बावजूद भी वहां से इस बारे में उचित दिशा निर्देश नहीं मिले। जिससे इसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई लंबित चल रही है।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 7 | 6 | 1 | 12 |
| कोलकाता | 6 | 4 | 2 | 8 |
| चेन्नई | 6 | 4 | 2 | 8 |
| हैदराबाद | 6 | 4 | 2 | 8 |
| लखनऊ | 6 | 3 | 3 | 6 |
| दिल्ली | 7 | 3 | 4 | 6 |
| मुंबई | 7 | 3 | 4 | 6 |
| गुजरात | 7 | 3 | 4 | 6 |
| पंजाब | 7 | 2 | 5 | 4 |
| बेंगलोर | 7 | 1 | 6 | 2 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
361 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



युजुवेन्द्र चहल
12 विकेट
राजस्थान

बाउंड्री मीटर
955 चौके
553 छक्के

## चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल्स में पहुंचा रियल मैड्रिड

एजेंसी ▶▶| मैनचेस्टर

रियल मैड्रिड ने मैनचेस्टर सिटी को पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से हराकर चैंपियंस लीग फुटबॉल के सेमीफाइनल्स में प्रवेश कर लिया। इसके साथ ही रियल मैड्रिड ने रिकॉर्ड 15वां खिताब जीतने की दिशा में अगला कदम रख दिया। इस हार के साथ ही सिटी का लगातार दो चैंपियंस लीग खिताब जीतने वाली पहली इंग्लिश टीम बनने का सपना भी टूट गया। निर्धारित समय तक स्कोर 1-1 से बराबर था। मैड्रिड के लिए रौड्रिगो ने 12वें मिनट में गोल किया जिए 76वें मिनट में केविन डि ब्रूने ने उतार दिया था। अब सेमीफाइनल्स में मैड्रिड का सामना बायर्न म्युनिख से होगा जिसने आर्सनल को 1-0 से और औसत के आधार पर 3-2 से हराया।



## खबर संक्षेप



### पंत की गतिशीलता टीम के लिए अच्छा संकेत

**अहमदाबाद।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन का मानना है कि गुजरात टाइटंस के खिलाफ आईपीएल के मैच में ऋषभ पंत की गतिशीलता उनके और भारतीय टीम प्रबंधन के लिए टी20 विश्व कप से पहले अच्छा संकेत है। पंत ने इस मैच में दो कैच लपके, एक स्टम्पिंग की और 16 रन भी बनाए। दिल्ली कैपिटल्स ने गुजरात टाइटंस को छह विकेट से हराया और पंत को उनकी विकेटकीपिंग के लिए 'प्लेयर आफ द मैच' चुना गया। जून में होने वाले टी20 विश्व कप में पंत भारतीय टीम में विकेटकीपर की जगह के लिए प्रबल दावेदार हैं।

### हैदराबाद के लिए तैयारी शुरू कर दी है : होप्स

**अहमदाबाद।** दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजी कोच जेम्स होप्स ने कहा कि शुरुआती झटकों से उबरने के बाद अब उनकी टीम सनराइजर्स हैदराबाद जैसी 'मालगाड़ी' के खिलाफ अगले मैच की तैयारी में जुटी है। दिल्ली ने गुजरात टाइटंस को बुधवार को खेले गए मैच में 89 रन पर समेटने के बाद छह विकेट से जीत दर्ज की। अब दिल्ली को लगातार तीन मैच अपने मैदान अरुण जेटली स्टेडियम पर खेलने हैं। सनराइजर्स ने आईपीएल में दो बार टूर्नामेंट के इतिहास के सर्वोच्च स्कोर का रिकॉर्ड बनाया।




### पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण जीत सकता है भारत

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान प्रीतम रानी सिवाच को यकीन है कि पुरुष टीम पेरिस ओलंपिक में अपने पदक का रंग बदलकर स्वर्ण जीत सकती है। आठ बार की चैंपियन भारतीय टीम ने 41 साल के इंतजार को खत्म करके टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। सिवाच ने कहा, 'भारत के पास कुछ बेहद प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं जो मैच जिताने में सक्षम हैं। भारत का पूल कठिन है लेकिन मुझे यकीन है कि टीम पदक का रंग बदलकर पीला तमगा जीत सकती है।'



### कोंवे की जगह ग्लीसन चेन्नई टीम में शामिल

**चेन्नई।** गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स ने न्यूजीलैंड के चोटिल सलामी बल्लेबाज डेवोन कोंवे की जगह तेज गेंदबाज रिचर्ड ग्लीसन को टीम में शामिल किया है। कोंवे को फरवरी में आस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 श्रृंखला के दौरान बाएं अंगूठे में फ्रेक्चर हो गया था। उन्होंने इसकी सर्जरी कराई। टूर्नामेंट शुरू होने से पहले ही तय हो गया था कि वह पूरा सत्र नहीं खेल सकेंगे। ग्लीसन पहली बार आईपीएल खेलेंगे जिन्हें चेन्नई ने बेसप्राइज 50 लाख रुपए में खरीदा। वह इंग्लैंड के लिए छह टी20 मैच खेल 8.90 की इकॉनॉमी से नौ विकेट ले चुके हैं।



# रोमांचक मैच में मुंबई ने पंजाब किंग्स को 9 रन से हराया, आशुतोष ने खेली दमदार पारी


एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

मुंबई इंडियंस ने पंजाब किंग्स को आईपीएल 2024 के 33वें मुकाबले में 9 रन से हरा दिया है। मुल्लांपुर के महाराजा यादविंदर सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में मुंबई इंडियंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट खोकर 192 रन बनाए। इसके जवाब में पंजाब किंग्स की टीम आशुतोष शर्मा की तूफानी 61 रन की पारी के बावजूद 19.1 ओवर में सभी विकेट खोकर 183 रन ही बना सकी। पंजाब की ओर से आशुतोष शर्मा ने सर्वाधिक 61 रन बनाए। मुंबई इंडियंस की ओर से गेराल्ड कोइट्जे और जसप्रीत बुमराह ने 3-3 विकेट लिए।

193 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब किंग्स की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने पावरप्ले के अंदर ही चार विकेट गंवा दिए थे। ओपनिंग करने उतरे कप्तान सैम करन 6, प्रभसिमरन बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। रिली रूसो तीन गेंद में एक रन, लियाम लिविंगस्टोन एक रन बनाकर आउट हुए। बुमराह और कोइट्जे ने पंजाब को शुरुआती झटके दिए। हरप्रीत सिंह ने 13 और जितेश 9 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद शशांक और आशुतोष के बीच एक अच्छी साझेदारी हुई। शशांक 25 गेंद में 41 रन बनाकर आउट हुए। आशुतोष ने 28 गेंद में 7 छक्के और दो चौके की मदद से 61 रन की धमाकेदार पारी खेली। उनकी इस पारी की बदौलत पंजाब की जीत की उम्मीद जगी थी लेकिन वह 18वें ओवर में पवेलियन लौट गए। आखिरी दो ओवर में पंजाब को जीत के लिए 21 रन चाहिए थे। 19वें ओर में 11 रन बने लेकिन एक विकेट भी गिरा। आखिरी ओवर में जीत के लिए 12 रन की दरकरार थी लेकिन पहली ही गेंद पर कागिसो रबाडा रन आउट हो गए। रबाडा ने तीन गेंद में आठ रन बनाए।

इससे पहले मुंबई इंडियंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सूर्यकुमार की अर्धशतकीय पारी की बदौलत 20 ओवर में सात विकेट खोकर 192 रन बनाए। पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई इंडियंस को तीसरे ओवर में पहला झटका लगा है। ईशान किशन 8 गेंद में 8 रन बनाकर आउट हुए। पूर्व कप्तान रोहित शर्मा 25 गेंद में 36 रन बनाकर पवेलियन लौटे। सूर्यकुमार यादव 53 गेंद में 78 रन बनाकर आउट हुए। हार्दिक ने 6 गेंद में 10 रन बनाए। टिम डेविड ने 14 और तिलक 34 रन बनाकर नाबाद लौटे। पंजाब के लिए हर्षल पटेल ने तीन और सैम करन ने दो विकेट लिए।





### मुंबई के लिए सूर्या ने किया धमाका

मुंबई के लिए सूर्यकुमार यादव ने तूफानी पारी खेली. उन्होंने 53 गेंद पर 78 रन बनाए. इस दौरान 7 चौके और 3 छक्के लगाए. रोहित शर्मा ने 36 और तिलक वर्मा ने 34* रन बनाए. टिम डेविड 14, हार्दिक पांड्या 10 और ईशान किशन 8 रन बनाकर आउट हुए. पंजाब के लिए हर्षल पटेल ने 3 विकेट लिए. सैम करन को 2 सफलता मिली.

### पंजाब के 77 रन पर गिर गए थे 6 विकेट

193 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब की टीम की शुरुआत शर्मनाक रही. 77 रन पर उसके 6 विकेट गिर गए थे. सैम करन (6), प्रभसिमरन सिंह (0), राइली रूसो (1), लियाम लिविंगस्टोन (1), हरप्रीत सिंह भाटिया (13) और जितेश शर्मा (9) पवेलियन लौट चुके थे. यहां से शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा ने पारी को संभाला और टीम को 100 रन के पार पहुंचाया.

### शशांक और आशुतोष ने जगाई उम्मीदें

77 रन पर 6 विकेट गिर जाने के बाद शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा ने एक बार फिर से पारी को संभाला. दोनों ने सातवें विकेट के लिए 34 रन की साझेदारी की. शशांक 25 गेंद पर 41 रन बनाकर आउट हुए. उन्हें आउट कर जसप्रीत बुमराह ने टीम को बड़ी सफलता दिलाई. इसके बाद ऐसा लगा कि मुंबई की टीम आसानी से मैच जीत लेगी, लेकिन आशुतोष के मन में कुछ और ही था. उन्होंने हरप्रीत बराड़ के साथ आठवें विकेट के लिए 168 रन की पार्टनरशिप की. आशुतोष को कोएत्जी ने आउट कर दिया. वह 28 गेंद पर 61 रन बनाकर पवेलियन लौटे. उन्होंने 2 चौके और 7 छक्के लगाए. इसके बाद बराड़ (21), कगिसो रबाडा (8) और हर्षल पटेल (1) ने कोशिश की, लेकिन वह टीम की नैया पार नहीं लगा पाए. मुंबई के लिए बुमराह और कोएत्जी ने 3-3 विकेट लिए. आकाश मधवाल, हार्दिक पांड्या और श्रेयस गोपाल को 1-1 सफलता मिली.

खास खबर

## कैंडिडेट्स शतरंज : गुकेश ने खेला ड्रॉ, प्रज्ञानानंदा और गुजराती हारे



**टोरंटो।** ग्रैंडमास्टर डी गुकेश कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के 11वें दौर में शीर्ष वरीयता प्राप्त फेबियानो कारुआना से ड्रॉ के बाद संयुक्त दूसरे स्थान पर खिसक गए जबकि भारत के ही आर प्रज्ञानानंदा और विदित गुजराती को पराजय का सामना करना पड़ा। प्रज्ञानानंदा को अमेरिका के हिकारू नकामूरा और गुजराती को रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि ने हराया। अन्य मुकाबलों में फ्रांस के फिरोजा अलीरजा ने अजरबैजान के निजात अबासोव को हराया। टूर्नामेंट में अब तीन दौर ही बचे हैं और नेपोम्नियाश्चि लगातार तीसरी बार खिताब के प्रबल दावेदार लग रहे हैं। रूस पर प्रतिबंध लगा होने से वह फिडे के ध्वज तले खेल रहे हैं। उन्होंने 11 में से सात अंक लेकर एकल बढ़त बना ली। कारुआना, नकामूरा और गुकेश उनसे आधा अंक पीछे हैं। प्रज्ञानानंदा के 5.5 और गुजराती के पांच अंक हैं। महिला वर्ग में चीन की झोंग्यी तान को एकल बढ़त मिल गई है जबकि उनकी हमवतन टी लेइ दूसरे स्थान पर हैं। भारत की आर वैशाली ने शीर्ष वरीयता प्राप्त रूस की अलेक्जेंड्रा गोरियाश्किना को हराया जबकि कोनेरू हम्पी ने बुल्गारिया की नूरगुल सलीमोवा को मात दी।

## बीसीसीआई ने 12,000 कैंसर और थैलेसीमिया रोगियों की मेजबानी की

**अहमदाबाद।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को यहां गुजरात टाइटंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग मैच के दौरान 12,000 कैंसर और थैलेसीमिया रोगियों की 'विशेष आमंत्रित' के रूप में मेजबानी की। कैंसर और थैलेसीमिया के बारे में जागरुकता बढ़ाने के अभियान में बीसीसीआई सचिव जय शाह ने रक्त दाताओं और रक्तदान शिविर आयोजकों के साथ ''विशेष आमंत्रितों'' का स्वागत किया। बताया गया, 'यह असाधारण पहल कैंसर और थैलेसीमिया से पीड़ित लोगों के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में जागरुकता बढ़ाने में काफी मददगार होगी। इससे लोगों ने मौज-मस्ती और मनोरंजन के एक बेहद जरूरी दिन का अनुभव किया। लोगों के चेहरों पर खुशी साफ देखी जा सकती थी और वे अपनी पसंदीदा टीमों का उत्साह बढ़ा रहे थे।


# छह साल की उम्र में तक्षवी वघानी ने रचा इतिहास, स्केटिंग में बनाया विश्व रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज
- लोएस्ट लिम्बो स्केटिंग में 25 मीटर की दूरी तय की

अहमदाबाद की तक्षवी वघानी ने छह वर्ष की उम्र में ऐसा कारनामा कर डाला है जिससे उनकी चर्चा भारत ही नहीं पूरे विश्व में हो रही है। उन्होंने छोटी सी आयु में कुछ ऐसा किया जिससे उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हो गया। तक्षवी ने लोएस्ट लिम्बो स्केटिंग में 25 मीटर से अधिक का विश्व रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। इसी के साथ उन्होंने न सिर्फ अपना नाम रोशन किया बल्कि पूरे देश को गौरवान्वित किया।

तक्षवी ने लोएस्ट लिम्बो स्केटिंग में कमाल करते हुए अपना नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज कराया है। इसकी पुष्टि करते हुए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड ने एक वीडियो साझा किया है जिसमें छह साल की तक्षवी को स्केटिंग करते देखा जा रहा है। वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा गया, '25 मीटर से अधिक की लोएस्ट लिम्बो स्केटिंग।' पिछले साल 10 मार्च को यह रिकॉर्ड ब्रेकिंग



### घुटने की चोट के कारण मुरली ओलंपिक से बाहर

**नई दिल्ली।** लंबी कूद के दिग्गज खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर ट्रेनिंग के दौरान घुटने की चोट के कारण पेरिस ओलंपिक से बाहर हो गए हैं और उन्हें सर्जरी करानी पड़ेगी जिसके कारण वह पूरे 2024 सत्र में नहीं खेल पाएंगे। एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता श्रीशंकर ने 2023 एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 8.37 मीटर के प्रयास से रजत पदक जीतते हुए पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया था। इस 25 वर्षीय खिलाड़ी को शंघाई/सुझोउ और दोहा में क्रमशः 27 अप्रैल और 10 मई को लगातार दो डाइमंड लीग प्रतियोगिता के साथ अपने सत्र की शुरुआत करनी थी लेकिन मंगलवार को ट्रेनिंग के दौरान उन्हें चोट लगी और उनका ओलंपिक में हिस्सा लेने का सपना टूट गया। श्रीशंकर ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, 'दुर्भाग्य से, यह बुरे सपने की तरह लगता है लेकिन यह हकीकत है, मेरा पेरिस ओलंपिक का सपना टूट गया है।'

# चमारी 195 रन पर नाबाद, महिला क्रिकेट में सर्वोच्च स्कोर बनाने वाली तीसरी खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

श्रीलंका महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ कप्तान चमारी अट्टापट्टू ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नाबाद 195 रन की पारी खेलकर वनडे क्रिकेट में नया इतिहास रच दिया। वह श्रीलंका की पहली महिला क्रिकेटर बनीं, जिन्होंने टीम के सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर बनाया। इसके अलावा महिला वनडे क्रिकेट में तीसरी सर्वाधिक व्यक्तिगत रन बना बनाने वाली खिलाड़ी बनीं। चमारी अट्टापट्टू ने भारत की ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा का रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिया।

श्रीलंका की महिला टीम और दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का आखिरी मुकाबला 17 अप्रैल को खेला गया। बुधवार को खेले गए मुकाबले में 6 विकेट के साथ जीत दर्ज श्रीलंका ने वनडे सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। साउथ अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए लौरा वोलवार्ड के नाबाद 184 रन की मदद से 302 रन बनाए थे। श्रीलंका टीम की कप्तान ने ऐतिहासिक पारी खेलते हुए यह टारगेट हासिल कर लिया।



**वनडे में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर**

| खिलाड़ी | रन | खिलाफ | वर्ष |
|---|---|---|---|
| अमेलिया केर | 232* | आयरलैंड | 2018 |
| बेलिंडा क्लार्क | 229* | डेनमार्क | 1997 |
| चमारी अट्टापट्टू | 195* | द.अफ्रीका | 2024 |
| दीप्ति शर्मा | 188 | आयरलैंड | 2017 |
| लौरा वोलवार्ड | 184* | श्रीलंका | 2024 |

## भारत के 17 पहलवान आज से एशिया क्वालीफायर में लेंगे भाग

# पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल करने की चुनौती

एजेंसी ▶▶| बिश्केक

भारत के 17 पहलवान शुक्रवार से यहां शुरू हो रहे एशिया ओलंपिक क्वालीफायर के जरिए पेरिस खेलों का कोटा हासिल करने के लिए चुनौती पेश करेंगे। इस प्रतियोगिता में फ्रीस्टाइल, महिला और ग्रीको-रोमन में कुल 36 कोटा स्थान दांव पर होंगे।

भारतीय पहलवान सिर्फ एक स्पर्धा को छोड़कर सभी भार वर्ग में कोटा हासिल करने की कोशिश करेंगे। महाद्वीपीय क्वालीफायर में स्वर्ण पदक, रेपेचेज या कांस्य पदक के लिए मुकाबला नहीं होगा। प्रत्येक ओलंपिक भार वर्ग में दोनों सेमीफाइनल के विजेता पेरिस खेलों के लिए अपने देशों के लिए कोटा अर्जित करेंगे।



### विनेश के प्रदर्शन पर नजरें

उन्नीस साल की अंतिम पंघाल ने सर्बिया के बेलग्रेड में 2023 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीत कर भारत के लिए महिलाओं के 53 किग्रा में पहले ही कोटा स्थान पक्का कर लिया है। महिला वर्ग में अब विनेश (50 किग्रा), रीतिका हुड्डा (76 किग्रा), मौजूदा अंडर-23 विश्व चैंपियन अंशु (57 किग्रा), मानसी (62 किग्रा) और निशा (68 किग्रा) के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का समय आ गया है।भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ भारतीय पहलवानों के विरोध का प्रमुख चेहरा रही विनेश के प्रदर्शन पर सबसे ज्यादा नजरें रहेंगी।

### पुरुष वर्ग से मजबूत दावेदार

पुरुषों के फ्रीस्टाइल वर्ग में, अमन सहरावत (57 किग्रा) कोटा हासिल कर सकते हैं। उनके अलावा सुजीत पर भी नजर रहेगी। वह बाद 65 किग्रा वर्ग में चुनौती का नेतृत्व कर रहे हैं। तोक्यो में पदक जीतने से चूके दीपक पूनिया (86 किग्रा) से यहां कोटा तय करने के मजबूत दावेदार है तो वहीं जयदीप (74 किग्रा), दीपक (97 किग्रा) और सुमित (125 किग्रा) भी अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखा कर भारत के लिए कोटा हासिल करने में कोई कसर नहीं छोड़ा चाहेंगे। ग्रीको-रोमन में सुमित (60 किग्रा), आशु (67 किग्रा), विकास (77 किग्रा), सुनील (87 किग्रा), नितेश (97 किग्रा) और नवीन (130 किग्रा) पर देश के लिए कोटा हासिल करने का दारोमदार होगा।

# कोको ने क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह, जीती राडुकानू

एजेंसी ▶▶| स्टटगार्ट

अमेरिका की कोको गॉ ने हमवतन साचिया विकेरी को 6-3, 4-6, 7-5 से हराकर पोर्शे ग्रां प्री टेनिस के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। विश्व रैंकिंग में 134वें स्थान पर काबिज विकेरी ने 19 ब्रेक प्वाइंट बनाए लेकिन सात को ही भुना सकी। दुनिया की तीसरे नंबर की खिलाड़ी गॉ ने मैच में 15 दोहरी गलतियां की लेकिन तीसरे सेट में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जीत दर्ज की।

पहले दौर में गॉ को बाय मिला था। अब उनका सामना झेंग किनवेन और मार्टा कोस्टियुक के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। दूसरी वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका भी अगले दौर में पहुंच गई जब उनकी करीबी मित्र और प्रतिद्वंद्वी पाउला बाडोसा तीसरे सेट में स्कोर 3-3 पर रहने के बाद पैर की चोट के कारण रिटायर हो गई। उस समय दोनों ने एक एक सेट जीत रखा था। एम्मा राडुकानू ने एंजेलिक कर्बर को पहले दौर में 6-2, 6-1 से हराया। वहीं ओंस जबाउर ने रूस की एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा को 2-6, 6-3, 7-6 से मात दी। अब उनका सामना इटली की जैस्मीन पाओलिनी से होगा।



# चांदीपुर की धरती से आसमान की ओर 'स्वदेशी क्रूज मिसाइल', दुश्मनों में खौफ



एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन यानी डीआरडीओ ने गुरुवार को एक और सफलता हासिल कर ली है। डीआरडीओ ने ओडिशा के तटीय क्षेत्र एकीकृत परीक्षण रेंज चांदीपुर से स्वदेशी प्रौद्योगिकी क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण किया। डीआरडीओ ने एक बयान में बताया कि परीक्षण के दौरान सभी उपप्रणालियों ने अपेक्षा के मुताबिक प्रदर्शन किया।

मिसाइल के परीक्षण के दौरान एकीकृत परीक्षण रेंज द्वारा अलग-अलग जगहों पर सेंसर तैनात थे, जिसमें रडार, इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम और टेलीमेट्री ने मिसाइल को मॉनीटर किया। क्रूज मिसाइल परीक्षण की निगरानी भारतीय वायु सेना के सुखाई-30-एमके-वन विमान ने की।

- स्वदेशी प्रौद्योगिकी क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण
- सुखाई-30-एमके-वन विमान ने की परीक्षण की निगरानी
- मिसाइल की लॉन्चिंग ओडिशा के तटीय क्षेत्र चांदीपुर से की गई
- डीआरडीओ प्रयोगशाला में किया गया था

### डीआरडीओ ने विकसित की मिसाइल

मिसाइल को उन्नत एवियोनिक्स और सॉफ्टवेयर से लैस किया गया है। मिसाइल को बेंगलुरु स्थित डीआरडीओ प्रयोगशाला एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट (एडीई) सहित अन्य प्रयोगशालाओं और भारतीय उद्योगों के साथ संयुक्त रूप से विकसित किया गया है।

### रक्षा मंत्री और ओडिशा के सीएम ने दी शुभकामनाएं

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आईटीसीएम के सफल उड़ान परीक्षण के लिए डीआरडीओ को बधाई दी। उन्होंने कहा कि स्वदेशी प्रणोदन प्रणाली द्वारा संचालित स्वदेशी लंबी दूरी की सबसोनिक क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षा डीआरडीओ के लिए एक मील का पत्थर है। वहीं, ओडिशा के सीएम नवीन पटनाक ने भी डीआरडीओ को बधाई दी है। रक्षा विभाग के आरएंडडी सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष समीर वी कामत ने लॉन्चिंग की सफलता के लिए डीआरडीओ की पूरी टीम को बधाई दी है।

## खबर संक्षेप

### चीन में अमेरिकी अपाचे की टक्कर का हेलीकॉप्टर!



**हांगकांग।** चीन की हेलीकॉप्टर निर्माता कंपनियों ने हाल ही में पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के लिए हैवी अटैक हेलीकॉप्टर बनाया है। यह हेलीकॉप्टर अमेरिका के एएच-64 अपाचे हेलीकॉप्टर के मुकाबले में तैयार किया गया है। इस हेलीकॉप्टर को जनवरी से टेस्ट किया जा रहा है। फिलहाल इस हेलीकॉप्टर को आधिकारिक रूप से कोई नाम नहीं दिया गया है। जर्मन विशेषज्ञ एंड्रियास रूपरेट ने इस नए अटैक हेलीकॉप्टर पर हैरानी जताई है।

### जेल से बोले इमरान: सेना प्रमुख को छोड़ूंगा नहीं



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक और जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने अपनी पत्नी बुशरा बीबी की गिरफ्तारी के लिए आर्मी चीफ जनरल मुनीर को जिम्मेदार ठहराया है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए इमरान ने आर्मी चीफ को धमकी दी है। उन्होंने कहा कि बुशरा की गिरफ्तारी के पीछे सीधे तौर पर जनरल मुनीर का हाथ है। अगर मेरी पत्नी को कुछ भी हुआ तो मैं आर्मी चीफ जनरल मुसीर को नहीं छोड़ूंगा। खान ने कहा कि जब तक मैं जिंदा रहूंगा।

## दुबई के मौसम का मिजाज रोज बदल रहा, 23 सेकंड का वीडियो वायरल

# बारिश के बाद दुबई में दिखा अदभुत नजारा देखते ही देखते हरा हो गया आसमान का रंग

*दुबई के मौसम का मिजाज रोज बदलता हुआ दिख रहा है। जहां पिछले दिनों भारी बारिश के बाद बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई। वहीं अब तूफान से जुड़ा हुआ ऐसा वीडियो सामने आया है। दुबई का पूरा आसमान नीले से हरे रंग में रंग गया।*

एजेंसी ▶▶ दुबई

पिछले कुछ दिनों से दुबई के मौसम में कई बदलाव देखने को मिल रहे हैं। जहां 75 वर्षों में सबसे भारी बारिश ने शहर को जलमग्न कर दिया जिसके बाद देश जैसे थम सा गया। भारी बारिश के बाद कई उड़ानें रद्द कर दी गईं और स्कूल बंद कर दिए गए। कई ऐसे फोटो और वीडियो सामने आए जिसमें पानी से लबालब भरी सड़कें देखने को मिली। एक सोशल मीडिया एक्स यूजर ने 23 सेकंड का एक वीडियो शेयर किया।

इस वीडियो का कैप्शन के साथ साझा किया जिसमें लिखा है, 'दुबई में आसमान हरा हो गया! दुबई में आए तूफान की यह वास्तविक फुटेज है।' दुबई में आसमान का इस तरह हरा हो जाना कोई मामूली बात नहीं है। इसके पीछे वैज्ञानिक कारण होते हैं। इसको लेकर पिछले साल फॉक्स न्यूज द्वारा प्रकाशित एक आर्टिकल के में बताया गया था कि यह तब होता है जब वायुमंडल द्वारा बिखरी हुई रोशनी बादलों में बर्फ की बूंदों को रोशन करती है।

### दुबई में आई बाढ़ की वजह को क्लाउड सीडिंग से जोड़ा जा रहा है

**नीले के बदले हरे रंग में रंगा पूरा आसमान** | **दुबई के मौसम में हुआ अनोखा बदलाव**



### भारत से दुबई के लिए उड़ानें रद्द

दुनिया के सबसे व्यस्त एयरपोर्ट में शामिल संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में भारी बारिश के कारण वहां का अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा भी प्रभावित हुआ है। मौसम की इस बेरूखी को देखते हुए भारत की एयर इंडिया और इंडिगो ने अपनी उड़ानें फिलहाल रद्द कर दी हैं। इनके अलावा के अलावा एयर इंडिया एक्सप्रेस, विस्तारा एयरलाइंस और स्पाइसजेट भी दुबई के लिए अपनी उड़ानों का संचालन करती हैं। वैकल्पिक विकल्प या पूर्ण रिफंड का विकल्प चुनने के लिए 24*7 संपर्क केंद्र 91 116 932 9333 या 91 116 932 9999 पर संपर्क करें।

### हेल्पलाइन नंबर जारी

दुबई में 75 वर्षों की सबसे बड़ी बाढ़ आने के बाद भारत ने अपने लोगों के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। वहां फंसे भारतीयों की मदद के लिए हेल्पलाइन नंबर +971501205172, +971569950590, +971507347676, +971585754213... जारी किया है। दुबई में स्थित भारतीय कंसुलेट जनरल ऑफ इंडिया ने आधिकारिक बयान में कहा है कि हम फंसे हुए यात्रियों की सुविधा के लिए यूएई अधिकारियों और एयरलाइंस के संपर्क में हैं।

### क्या है क्लाउड सीडिंग?

संयुक्त अरब अमीरात (दुबई) में एक दिन में एक साल जितनी बारिश दर्ज की गई है। इतनी ज्यादा बारिश के पीछे का कारण क्लाउड सीडिंग को माना जा रहा है। क्लाउड सीडिंग एक आर्टिफिशियल बारिश कराने का एक तरीका है। क्लाउड सीडिंग की शुरुआत ऑस्ट्रेलिया के बाथुर्स्ट स्थित जनरल इलेक्ट्रिक लैब में फरवरी 1947 में हुआ था। अमेरिका के न्यूयॉर्क में 1940 के दशक में इसका इस्तेमाल किया गया था। वहीं, चीन और कई और देशों ने इसका इस्तेमाल किया। 1952 में भारत में इसका पहली बार परीक्षण किया गया।

### दुबई के बाद ईरान में बिगड़ा मौसम

दुबई के बाद ईरान और अफगानिस्तान के कई हिस्सों में चक्रवाती हवाएं चलने लगी हैं, जिसका असर उत्तर भारत के एक हिस्से पर पड़ने वाला है। जबकि पहाड़ी हिस्सों पर बर्फबारी का भी अनुमान है। इस दौरान 60 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। उत्तर भारत के अलावा नॉर्थ-ईस्ट की हिमालयन रेंज पर भी पड़ने वाला है। तेज हवाओं के साथ बारिश और ऊंची जगह पर बर्फबारी का अनुमान है।

इजराइल ने दुनिया को दिया बड़ा संदेश

# ईरान को रोकिए, इससे पहले बहुत देर हो जाए



ईरान से बदला लेने पर अड़ा इजराइल

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव

ईरान से बदला लेने से पहले इजराइल ने पूरी दुनिया को बड़ा संदेश दिया है। इजराइल ने दुनिया से कहा है कि ईरान को रोकिये, इससे पहले कि बहुत देर हो जाए। बता दें कि इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान के हमले का बदला लेने की बात कही है, लेकिन वह इसके लिए खुद को दोषी नहीं ठहराना चाहते।

नेतन्याहू इस बदले के लिए ईरान की कार्रवाई और दुनिया की चुप्पी को जिम्मेदार ठहराना चाहते हैं। इसीलिए इजराइल बार-बार दुनिया को इस बात का एहसास करा रहा है कि ईरान को रोकिये, नहीं तो बहुत देर हो जाएगी।

यानि तब इजराइल बदले की कार्रवाई करेगा तो उसका जिम्मेदार वह नहीं होगा, बल्कि इसके लिए ईरान और दुनिया के नीति निर्धारक देश जिम्मेवार होंगे।

### ईरानी मिसाइलों की रेंज का दिया ब्यौरा

इजराइल ने ईरान द्वारा 14 अप्रैल को दागी गई सभी मिसाइलों की रेंज का ब्यौरा दिया है। इजराइल ने बताया है कि ईरान ने उस पर 300 मिसाइलें दागी थीं। इनमें से 170 यूएवी मिसाइलें थीं, जिनकी मारक क्षमता 2500 किलोमीटर तक है। 120 बैलिस्टिक मिसाइलें थीं, जिनकी मारक क्षमता 2000 किलोमीटर तक है। इसके अलावा 30 क्रूज मिसाइलें थीं। इनकी मारक क्षमता भी 2000 किलोमीटर तक है। ऐसे में समझ सकते हैं कि ईरान ने कितना बड़ा हमला इजराइल पर किया था। अगर इजराइल का एयर डिफेंस सिस्टम एक्टिव नहीं होता तो तेल अवीव में बड़ी तबाही मच सकती थी। इजराइल ने इन ईरानी मिसाइलों में से 99 फीसदी को हवा में ही मारकर गिरा दिया। इससे बड़ा नुकसान होने से बच गया।

### ईरान पर दोष मढ़ रहा इजराइल

इजराइल ने एक पोस्ट में कहा है कि 14 अप्रैल को ईरानी शासन ने इजराइल पर 300 बैलिस्टिक मिसाइलें, यूएवी और क्रूज मिसाइलों से हमला किया था। इन ईरानी मिसाइलों की मारक क्षमता 3,000 किलोमीटर तक तक है, जो यूरोप तक पहुंच सकती है। इजराइल पर ईरानी शासन का हालिया हमला इस बात का एक पूर्वावलोकन मात्र है कि अगर दुनिया ने उन्हें नहीं रोका तो यूरोप क्या उम्मीद कर सकता है। ईरान ने कहा कि इससे पहले कि बहुत देर हो जाए, ईरान को रोकें।

## नेवी चीफ हरिकुमार ने सराहा

# चुनौतियों के बावजूद भारतीय वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष अभियानों में 'बढ़त' हासिल की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



नेवी चीफ एडमिरल आर हरि कुमार ने जोर दे कहा कि स्पेस सेक्टर में असख्य चुनौतियौं और तकनीक की कमी के बावजूद भारतीय वैज्ञानिकों ने साबित किया है कि देश अंतरिक्ष की रेस में बढ़त हासिल कर सकता है। नेवी चीफ नई दिल्ली में इंडियन डिफेंस सिंपोजियम 2024 के दौरान बोलते हुए ये बातें कही। उन्होंने कहा कि एलन मस्क की भारत यात्रा के बाद अब यह सोचना कोई रॉकेट साइंस नहीं लगता कि भारत अमृत काल की ओर बढ़ रहा है। हमारा स्पेस सेक्टर इस यात्रा का नेतृत्व कर रहा है।

### मिलकर काम करने की जरूरत

डीआरडीओ के अध्यक्ष समीर बी कामत ने कहा कि हमें अंतरिक्ष क्षेत्र में रक्षा बलों के लिए प्रौद्योगिकियों को विकसित करने के मामले में मिलकर काम करने की जरूरत है। वायुसेना के डीजी एयर ऑपरेशंस एयर मार्शल सूरत सिंह ने कहा कि स्पेस सेक्टर का दायरा जमीन, आकाश और पानी तीनों क्षेत्रों में फैला हुआ है।

### सुरक्षा में भी भूमिका

एडमिरल कुमार ने कहा कि भारत का अंतरिक्ष अभियान देश के विकास के साथ-साथ सुरक्षा में भी अहम भूमिका निभाता है। रक्षा अंतरिक्ष एजेंसी की स्थापना राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अंतरिक्ष का लाभ उठाने के लिए सशस्त्र बलों की प्रतिबद्धता को जाहिर करती है।

## भारत से सीमा विवाद सुलझाने में हुई सकारात्मक प्रगति

# चीन बोला- राजनयिक और सैन्य चैनलों से बातचीत जारी

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा है कि चीन और भारत ने सीमा गतिरोध को हल करने की दिशा में सकारात्मक प्रगति की है। राजनयिक और सैन्य चैनलों के माध्यम से दोनों पक्षों के बीच गहन संवाद जारी है। चीनी विदेश मंत्रालय की टिप्पणी पीएम मोदी के बयान पर आई है। पीएम मोदी ने कहा था कि भारत के लिए चीन के साथ संबंध महत्वपूर्ण हैं। सीमा की स्थिति का तत्काल समाधान किया जाना चाहिए।

### चीन भी चाहता है सीमा विवाद सुलझे



माओ निंग ने कहा कि चीन और भारत के बीच स्वस्थ संबंध दोनों देशों के हित में है। हमें उम्मीद है कि भारत द्विपक्षीय संबंधों में सीमा से जुड़े सवाल को उचित रूप से रखने और इसका समाधान सही तरीके से निकालने के लिए चीन के साथ मिलकर काम करेगा।

## पुणे स्थित बंगले समेत 98 करोड़ की संपत्ति जब्त

# शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा पर ईडी ने कसा शिकंजा, छापे मारे

एजेंसी ▶▶ पुणे

अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति अभिनेता-बिजनेसमैन राज कुंद्रा के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ा एक्शन लिया है। ईडी ने गुरुवार को शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा की 98 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है। ईडी की ओर से यह एक्शन 6600 करोड़ रुपए के बिटकॉइन पोंजी घोटाले के मामले में लिया गया है।

प्रवर्तन निदेशालय ने कहा कि उसने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जांच के तहत अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा के पुणे स्थित बंगले और इक्विटी शेयरों सहित करीब 98 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की है। यह मामला बिटकॉइन के इस्तेमाल के जरिए निवेशकों के पैसे से धोखाधड़ी से संबंधित है।



### प्रमोटरों ने निवेशकों को दिया धोखा

*ईडी ने महाराष्ट्र पुलिस और दिल्ली पुलिस की तरफ से वन वेरिएबल टेक पीटीई लिमिटेड और आरोपी दिवंगत अमित भारद्वाज समेत अन्य के मामले में जांच शुरू की थी। ईडी ने आरोप लगाया कि प्रमोटरों ने निवेशकों को धोखा दिया और गलत तरीके से प्राप्त बिटकॉइन को अस्पष्ट ऑनलाइन वॉलेट में छिपा रहे हैं। शिल्पा शेट्टी बॉलीवुड की चर्चित अभिनेत्री हैं।*

## यूरोपियन स्पेस एजेंसी ने की खोज, ब्लैक होल को 'जीएआईए बीएच3' नाम दिया गया

# गैलेक्सी में मिला सबसे बड़ा ब्लैक होल, सूरज से 33 गुना ज्यादा 'भारी'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सूरज और उसके चारों ओर के सभी ग्रह एक गैलेक्सी का हिस्सा हैं। इसे 'मिल्की वे' के नाम से जाना जाता है। गैलेक्सी तारों, गैस और धूल का एक बड़ा समूह है जो गुरुत्वाकर्षण द्वारा एक दूसरे के साथ बंधे होते हैं। एस्ट्रोनॉमर्स ने हाल ही में गैलेक्सी में एक विशाल ब्लैक होल की खोज की है, जिसे 'जीएआईए बीएच3' नाम दिया गया है। यह मिल्की वे गैलेक्सी का सबसे बड़ा ब्लैक होल है, जो तारकीय विकास और ब्लैक होल के निर्माण के बारे में नए सवाल खड़े करता है।

गैलेक्सी के केंद्र में विराट ब्लैक होल के अलावा 'मिल्की वे' छोटे तारों के ब्लैक होल के लिए भी ठिकाने के तौर पर काम करता है, जो एक विशाल तारे के ढहने पर बनते हैं। साइंटिस्ट्स का मानना है कि अकेले हमारी गैलेक्सी में 10 करोड़ ब्लैक होल हैं, लेकिन उनमें से ज्यादातर की अभी तक खोज नहीं की जा सकी है।




### सूरज के आकार का 10 गुना बड़ा

जिन ब्लैक होल की खोज पहले ही हो चुकी है, वे औसतन सूरज के आकार का लगभग 10 गुना हैं। इनमें अब तक जो सबसे बड़ा ब्लैक होल था उसका द्रव्यमान सूरज की तुलना में 21 गुना ज्यादा है। हालांकि, यूरोपियन स्पेस एजेंसी के जीएआईए मिशन ने सबसे बड़े ब्लैक होल की खोज की है। इस ब्लैक होल का मास सूरज के मास से 33 गुना ज्यादा है। ये सबसे बड़ा ब्लैक होल बन गया है। यह लगभग 1,926 प्रकाश वर्ष दूर है जो हमारे ग्रह के करीब माना जा सकता है।

### यूरोपियन स्पेस एजेंसी की टीम ने ढूंढा

*ईएसए ने जो सबसे बड़ा ब्लैक होल खोजा है, उसे जीएआईए बीएच3 नाम दिया गया है। इसे पहली बार ईएसए साइंटिस्ट्स की एक टीम ने देखा जो असामान्य चीज की तलाश के लिए मिशन के डेटा पर गौर कर रही थी। पास के एक्वला तारामंडल के एक पुराने विशाल तारे ने अपनी डगमगाहट से उनका ध्यान खींचा, तब पता चला कि यह एक विशाल ब्लैक होल की परिक्रमा कर रहा था। इतने करीब होने के बावजूद बीएच3 को ढूंढना कठिन था। यह अब हमारे ग्रह का दूसरा सबसे करीबी ब्लैक होल है।*

### खास टेलीस्कोप से पता लगाया आकार

ईएसए टीम ने नए खोजे गए ब्लैक होल के साइज को कंफर्म करने के लिए यूरोपियन साउदर्न ऑब्जरवेटरी जैसी जमीन-आधारित दूरबीनों से डेटा का इस्तेमाल किया. इसे देखने के लिए ईएसओ के वेरी लार्ज टेलीस्कोप की मदद ली गई। 2025 में डिटेल्ट पेपर पेपर जारी करने से पहले उन्होंने शुरुआती आंकड़ों के साथ एक पेपर भी पब्लिश किया।

### पहले ब्लैक होल की कहानी

*ब्लैक होल का सिद्धांत हमारी खोज से पहले का था। यह सिद्धांत 1915 में अल्बर्ट आइंस्टीन के काम से शुरू हुआ, और इसलिए 20वीं सदी के हिस्से में एस्ट्रोनॉमर्स को आश्चर्य हुआ।*

## मस्क को अमेरिका का भी समर्थन

वॉशिंगटन भी चाहता है कि यूएन में सुधार हों

# यूएनएससी में भारत को भी मिलनी चाहिए जगह

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत के स्थाई सीट के मुद्दे को लेकर टेस्ला के सीईओ एलन मस्क के विचारों पर अमेरिकी सरकार ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। एलन मस्क ने जनवरी में कहा था कि भारत का सुरक्षा परिषद के स्थाई सदस्यों न होना अजीब बात है।

अमेरिकी विदेश विभाग के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने कहा कि हम निश्चित रूप से सुरक्षा परिषद सहित संयुक्त राष्ट्र संस्था में सुधारों का समर्थन करते हैं। जिसमें हम रह रहे हैं उसमें 21वीं सदी की दुनिया की के लिए क्या कदम उठाने हैं।

### एलन मस्क ने भारत के न होने को बेतुका बताया था



एलन मस्क ने कहा था कि यह 'बेतुका' है कि पृथ्वी पर सबसे अधिक आबादी वाला देश होने के बावजूद भारत के पास संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थाई सीट नहीं है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र के अंगों में आमूलचूल बदलाव का आह्वान किया है। मस्क की यह टिप्पणी संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस द्वारा यूएनएससी के स्थायी सदस्यों की सूची से किसी भी अफ्रीकी देश की अनुपस्थिति पर चिंता जताने के बाद आई थी।

# जयपुर में वोटर्स को गिफ्ट मिलेंगे, पार्किंग फ्री रहेगी: 50 मतदाताओं को स्क्रैच कार्ड दिया जाएगा, वोटर आईडी के बिना भी कर सकते हैं मतदान



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** जयपुर में कल वोटिंग है। इसके लिए आज निर्वाचन विभाग ने पोलिंग पार्टियां रवाना कर दी हैं। जयपुर शहर (नगर निगम एरिया के) के सभी बूथों पर पहले 50 वोटर्स को इस बार निर्वाचन विभाग स्क्रैच कूपन देगा, जिसमें कोई न कोई इनाम वोटर्स को दिया जाएगा। स्क्रैच कार्ड का इनाम जयपुर शहर के 10 इलाकों में ही दिया जाएगा। वोटिंग कल सुबह 7 बजे से शुरू हो जाएगी। इस दौरान सुबह 7 से 11 बजे तक पहुंचने वाले लोगों को पार्किंग भी फ्री मिलेगी।

वहीं, वोटिंग के लिए आज जयपुर शहर में तीन जगहों से पोलिंग पार्टियां रवाना की गई। जेएलएन मार्ग स्थित राजस्थान कॉलेज, दिल्ली बाइपास स्थित जामिया तुल हिदाय विश्वविद्यालय और सीकर रोड पर भवानी निकेतन परिसर से पार्टियां रवाना की गई। ये सभी पोलिंग पार्टियां आज शाम तक पोलिंग बूथ पर पहुंच जाएगी। वहां कल होने वाली तमाम वोटिंग की तैयारियां करेगी। जयपुर शहर में विधानसभावार देखें तो केवल दूदू विधानसभा क्षेत्र को छोड़कर शेष सभी 18 विधानसभा सीटों के लिए पार्टियां रवाना हुई। दरअसल, दूदू अजमेर लोकसभा सीट के अंतर्गत आता है। पहले चरण की 12 लोकसभा सीटों पर सर्वाधिक मतदाता जयपुर शहर में 22,88,793 हैं।

### सुबह 7 बजे शुरू होगी वोटिंग

कल सुबह 7 बजे वोटिंग शुरू होगी और शाम 6 बजे तक चलेगी। इस बार निर्वाचन आयोग का लक्ष्य इन लोकसभा सीटों पर 70 फीसदी से ज्यादा वोटिंग का है। जयपुर जिले की दोनों लोग सभा सीट जयपुर शहर और जयपुर ग्रामीण में 44 लाख से ज्यादा वोटर्स हैं। इनमें जयपुर शहर सीट पर कुल 22,87,350 वोटर्स हैं। वहीं, ग्रामीण सीट पर 21,84,987 वोटर्स हैं।

### इन इलाकों के वोटर्स जीत सकते हैं गिफ्ट

जयपुर में सभी 2 हजार 166 बूथों पर मतदान दिवस पर पहले मतदान करने वाले 50 मतदाताओं को स्क्रैच कार्ड दिया जाएगा। कार्ड को स्क्रैच करने पर कार्ड पर अंकित इनाम देकर मतदाताओं को सम्मानित किया जाएगा। ये स्क्रैच कार्ड जयपुर नगर निगम शहरी सीमा के बूथों पर दिया जाएगा।

इसमें आमेर विधानसभा क्षेत्र में 34, हवामहल क्षेत्र में 240, विद्याधर नगर क्षेत्र में 326, सिविल लाइन्स क्षेत्र में 221, किशनपोल क्षेत्र में 170, आदर्श नगर क्षेत्र में 220, मालवीय नगर क्षेत्र में 187, सांगानेर क्षेत्र में 341, बगरू क्षेत्र में 201 और झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के 226 मतदान केन्द्रों पर स्क्रेच कार्ड जारी किए जाएंगे।

### 10 कार और 20 दुपहिया वाहनों की पार्किंग फ्री रहेगी

नगर निगम हेरिटेज ने 19 अप्रैल के दिन पार्किंग शुल्क फ्री रखने का फैसला किया है। इसके तहत नगर निगम हेरिटेज क्षेत्र में आने वाले प्रमुख बाजारों और पार्किंग क्षेत्र में आम आदमी को अपने वाहन पार्क करने के लिए कोई शुल्क नहीं देना होगा। यह सुविधा केवल उन मतदाताओं को मिलेगी, जो सुबह 7:00 से 11:00 बजे तक मतदान करने पहुंचेंगे। इनमें से 10 चौपहिया और 20 दुपहिया वाहनों को निशुल्क पार्किंग की व्यवस्था प्रदान की जाएगी। इसके लिए उन्हें अपना वोटर आईडी कार्ड और उंगली पर लगा स्याही का निशान दिखाना जरूरी होगा। नगर निगम हेरिटेज आयुक्त अभिषेक सुराणा ने बताया- हेरिटेज निगम क्षेत्र में चांदपोल अनाज मंडी पार्किंग, जौहरी बाजार पार्किंग, चौड़ा रास्ता, किशनपोल बाजार, आतिश मार्केट, जल महल की पाल, माल 21 के सामने पार्किंग स्थल, अहिंसा सर्किल से गवर्नमेंट प्रेस चौराहा पार्किंग और एयरटेल मालवीय मार्ग पार्किंग स्थलों पर पहले आने वाले 10 चौपहिया और 20 दुपहिया वाहनों को निशुल्क पार्किंग की व्यवस्था प्रदान की जाएगी।

### इन आईडी कार्ड को दिखाकर डाल सकेंगे वोट

निर्वाचन आयोग ने वोटर आईडी कार्ड के अलावा 12 फोटोयुक्त पहचान पत्र को वोटिंग के दौरान मान्य माना है। इसमें आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो सहित पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार/पीएसयू/सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र से मतदान कर सकते हैं। इसके साथ बैंक/डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों/विधायकों/एमएलसी को जारी आधिकारिक पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसेबिलिटी आईडी शामिल है।

### इन सीटों पर कल होगी वोटिंग

गंगानगर, बीकानेर, चूरू, झुंझूनूं, सीकर, जयपुर ग्रामीण, जयपुर शहर, अलवर, भरतपुर, करौली-धौलपुर, दौसा और नागौर लोकसभा क्षेत्रों में मतदान होगा। पहले चरण की इन 12 सीटों पर कुल 114 उम्मीदवार मैदान में है, जिनके भाग्य का फैसला कल ईवीएम में बंद होगा।

---

# '50 लाख रुपए देगा या अपनी जान देगा': जयपुर के बिजनेसमैन को मिली धमकी, बदमाश बोला- मेरे पास काफी शूटर हैं

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** जयपुर के बिजनेसमैन से 50 लाख रुपए मांगने का मामला सामने आया है। वॉट्सऐप कॉल कर जान से मारने की धमकी दी। बदमाश बोला- तेरी सिक्योरिटी की तैयारी कर ले, मेरे पास काफी शूटर हैं। धमकी मिलने के बाद पीड़ित बिजनेसमैन ने मानसरोवर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मामले की जांच एसएचओ (मानसरोवर) राजेन्द्र गोदारा कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि महेश नगर निवासी 38 साल बिजनेसमैन ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। 14 मार्च की शाम वह




मानसरोवर स्थित अपने ऑफिस पर बैठे थे। शाम करीब 5:15 बजे उनके मोबाइल पर इंटरनेशनल नंबर से वॉट्सऐप कॉल आया। पहली बार तो कॉल उठाकर बात करने से मना कर दिया। कुछ ही देर बाद उसी मोबाइल नंबर से मैसेज भेजकर बिजनेसमैन और उसके परिवार के बारे में बताया।

### धमकाया- 50 लाख रुपए देगा या अपनी जान देगा

वॉट्सऐप कॉल कर बदमाश ने खुद को विदेश में बैठा होना बताया। उसे और परिवार को मारने की धमकी देकर 50 लाख रुपए की रंगदारी मांगी। धमकाया- 50 लाख रुपए देगा या अपनी जान देगा। तू अब तेरी सिक्योरिटी की तैयारी कर ले। मेरे पास काफी शूटर हैं।

### पुलिस बदमाश की तलाश में जुटी

धमकी भरे वॉट्सऐप कॉल-मैसेज मिलने के बाद बिजनेसमैन ने मानसरोवर थाने में एफआईआर दर्ज करवाई। पुलिस रंगदारी के धमकी भरे कॉल-मैसेज करने वाले बदमाश की तलाश में जुट गई है।

एसएचओ (मानसरोवर) राजेन्द्र गोदारा का कहना है- पीड़ित की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मोबाइल नंबर के आधार पर धमकी देने वाले की तलाश की जा रही है।

---

## चूरू में पोलिंग पार्टी के कर्मचारी की हार्ट-अटैक से मौत

# राजस्थान की 12 लोकसभा सीटों पर वोटिंग कल; 8 पर एक ही जाति के उम्मीदवारों में टक्कर

राजस्थान की राजनीति



**जयपुर।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 19 अप्रैल (शुक्रवार) को राजस्थान की 12 सीटों पर वोटिंग होगी। आज जिला मुख्यालयों से मतदान केंद्रों के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना हुई। गुरुवार दोपहर चूरू के सादुलपुर में पोलिंग पार्टी के एक सदस्य की हार्ट अटैक से मौत हो गई। पोलिंग पार्टी के रवाना होते समय कर्मचारी तारांचद (52) पुत्र रूपाराम शर्मा चक्कर आने से गिर गए। उपखंड अधिकारी और तहसीलदार ने उन्हें एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। तारानगर के वार्ड नंबर-8 निवासी ताराचंद वन विभाग के बुचवास क्षेत्र में बेलदार के पद पर तैनात थे। ताराचंद के बेटे दीपक शर्मा ने बताया- पापा सुबह 8 बजे चुनाव ड्यूटी के लिए निकले थे। उन्होंने एसडीएम सुशील कुमार सैनी को रिपोर्ट किया था। राजकीय महाविद्यालय, सादुलपुर में सुरक्षा गार्ड के तौर पर उनकी चुनाव ड्यूटी थी। ड्?यूटी के दौरान हार्ट अटैक से उनकी मौत हो गई। चुनाव आयोग के अधिकारियों ने मुझे पिता की मौत की सूचना दी। पहले फेज में श्रीगंगानगर, बीकानेर, चूरू, झुंझूनूं, सीकर, जयपुर ग्रामीण, जयपुर, अलवर, भरतपुर, करौली-धौलपुर, दौसा और नागौर सीट पर वोटिंग होगी। इन 12 सीटों पर कुल 114 उम्मीदवार मैदान में हैं। मतदाता सुबह 7 से शाम 6 बजे तक वोट डाल सकेंगे। पहले फेज की 12 में से 10 सीटों पर कांग्रेस और बीजेपी में सीधा मुकाबला है। जबकि सीकर और नागौर में भाजपा की टक्कर इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार से है। पहले फेज की 12 में से 8 सीटों पर एक ही जाति के उम्मीदवारों के बीच सीधा टक्कर है।

### जयपुर ग्रामीण सीट पर सबसे ज्यादा उम्मीदवार

पहले फेज की 12 लोकसभा सीटों में सबसे ज्यादा 15 उम्मीदवार जयपुर ग्रामीण सीट से मैदान में हैं। सबसे कम 4 कैंडिडेट करौली-धौलपुर सीट पर हैं।

### 8 सीटों पर एक ही जाति के प्रत्याशियों में सीधी टक्कर

करौली-धौलपुर, सीकर, नागौर, झुंझूनूं, चूरू, बीकानेर, अलवर और दौसा सीट पर एक ही जाति के उम्मीदवार आमने-सामने हैं। यानी इन सीटों पर भाजपा और कांग्रेस या इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी एक ही जाति के हैं।

करौली-धौलपुर में कांग्रेस के भजनलाल जाटव और बीजेपी की इंदु देवी जाटव तथा बीकानेर में बीजेपी के अर्जुनराम मेघवाल और कांग्रेस के गोविंद मेघवाल एक ही जाति के हैं। सीकर में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार अमराराम और बीजेपी के सुमेधानंद सरस्वती सजातीय हैं। झुंझूनू में कांग्रेस के बृजेंद्र ओला और बीजेपी के शुभकरण चौधरी तथा चूरू में बीजेपी के देवेंद्र झाझड़िया और कांग्रेस के राहुल कस्वां एक ही जाति के हैं।

दौसा में कांग्रेस के मुरारीलाल मीणा और बीजेपी के कन्हैयालाल मीणा, अलवर में बीजेपी के भूपेंद्र यादव और कांग्रेस के ललित यादव तथा नागौर में भाजपा की ज्योति मिर्धा और इंडिया गठबंधन के हनुमान बेनीवाल भी एक ही जाति के हैं।

### वोटिंग पूरी होने तक ड्राई डे

प्रदेश में पहले फेज की वोटिंग पूरी होने तक ड्राई डे रहेगा। सभी 12 लोकसभा सीटों के इलाकों में शराब की दुकानें बंद रहेंगी। इन 12 सीटों पर इंटर स्टेट बॉर्डर सील रहेंगे। हरियाणा, पंजाब और यूपी से लगती सीमा को सील कर दिया गया है। ये सीमाएं वोटिंग पूरी होने तक सील रहेंगी। इस दौरान 12 लोकसभा क्षेत्रों में कोई बाहरी व्यक्ति नहीं रह सकेगा। राज्य की सीमाओं और शहरी-ग्रामीण इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था तैनात की गई है।

---

# सैकिंड ग्रेड टीचर डमी कैंडिडेट बन कर देता परीक्षा: एसओजी ने सरकारी टीचर गिरधारी को किया गिरफ्तार एक अन्य आरोपी अशोक गोदारा है फरार

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** एसआई भर्ती परीक्षा-2021 में तीन पूर्व सैनिकों ने अपने स्थान पर परीक्षा में डमी अभ्यर्थी बैठाकर एसआई की परीक्षा पास कर ली। एसओजी ने गुरूवार को डमी अभ्यर्थी के रूप में परीक्षा देने वाले टीचर को गिरफ्तार कर लिया। जबकि दूसरे फरार डमी की तलाश की जा रही है। मूल अभ्यर्थी व डमी अभ्यर्थी की फोटो को फोटोशॉप से मिलाकर नई फोटो को परीक्षा प्रवेश पत्र पर लगाया गया था। दोनों डमी अभ्यर्थी हिंदी व सामान्य ज्ञान के दोनों पेपर की परीक्षा देने में सफल हो गए।

एसओजी एडीजी वीके सिंह ने बताया



कि गिरधारी राम (35) निवासी बाप-फलौदी हाल अध्यापक लेवल-2 राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नेहडाई मोहनगढ-जैसलमेर को डमी अभ्यर्थी के रूप में परीक्षा में बैठने पर गिरफ्तार किया गया है। गिरधारी ने विक्रम जीत के स्थान पर डमी अभ्यर्थी के रूप में 10 लाख रुपए लेकर परीक्षा दी थी। विक्रम जीत 2003 में सेना में भर्ती हुआ और 2020 में रिटायर हो गया था। एसआई भर्ती में विक्रम की 1263 वीं रैंक आई थी। विक्रम का 13 सितंबर 2021 को जवाहर जैन शिक्षण संस्थान हिरण मगरी उदयपुर में परीक्षा सेंटर आया था। विक्रम परीक्षा दीलवाने के लिए गिरधारी को उदयपुर कार में लेकर गया था। परीक्षा देते ही 2 लाख रुपए दे दिए। बाद में 3 लाख रुपए और 45 हजार रुपए बैंक में ट्रांसफर कर दिए। ट्रेनी एसआई विक्रम जीत निवासी बीकानेर हाल जोधपुर को एसओजी ने 14 अप्रेल को आरपीए ट्रैनिंग सेंटर से गिरफ्तार किया था। उससे हुई पूछताछ में उसने अपने स्थान पर परीक्षा देने वाले गिरधारी के बारे में जानकारी दी थी।

### फरार अशोक गोदारा ने दो पूर्व सैनिकों के स्थान पर डमी परीक्षा दी

फरार अशोक गोदारा निवासी मटोल चक खारा-फलौदी ने गिरफ्तार ट्रैनी एसआई श्याम प्रताप सिंह और श्रवण कुमार दोगारा के स्थान पर डमी अभ्यर्थी के रूप में बैठकर परीक्षा दी थी। दोनों ट्रैनी एसआई पूर्व सैनिक हैं। अशोक ने डमी अभ्यर्थी के रूप में बैठने के लिए दोनों पूर्व सैनिकों से 10-10 लाख रुपए लिए थे। श्याम प्रताप व श्रवण को एसओजी ने 14 अप्रेल को आरपीए से गिरफ्तार किया था।

---

## जयपुर में एटीएम से छेड़छाड़ कर चुराए रुपए

# मशीन में प्लेटनुमा इंस्ट्रूमेंट लगाता आरोपी, बॉक्स में फंसा कैश निकाल ले जाता




राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** जयपुर में एटीएम से छेड़छाड़ कर हजारों रुपए चोरी का मामला सामने आया है। आरोपी मशीन में प्लेटनुमा इंस्ट्रूमेंट को लगाता था और फिर बॉक्स में फंसे कैश को निकालकर ले जाता। डाक विभाग के एटीएम से रुपए चोरी की रिपोर्ट जालूपुरा थाने में दर्ज करवाई गई है।

हेड कॉन्स्टेबल मुरारी लाल ने बताया- एमआई रोड पर जयपुर जीपीओ के परिसर में डाक विभाग का एटीएम लगा हुआ है। 26 मार्च को एटीएम कैश लोडिंग टीम ने ऑफिस को सूचना दी कि एटीएम से छेड़छाड़ कर कैश चोरी किया गया है।

जांच करने पर पता चला कि एटीएम से छेड़छाड़ कर प्लेटनुमा इंस्ट्रूमेंट लगाकर 500 के 14 नोट निकालकर चोरी किए गए हैं। इससे पहले भी 29 दिसंबर 2023 को 8 हजार, 5 फरवरी 2024 को 9 हजार और 28 फरवरी 2024 को 15 हजार रुपए एटीएम से छेड़छाड़ कर निकाले गए हैं। जीपीओ के डाकपाल राकेश कुमार धंधेल ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

## जयपुर में देवर ने भाभी से रेप किया

# मरे भाई के शरीर में आने की बात कहकर डराया, जबरदस्ती कर बनाया अश्लील वीडियो

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** जयपुर में एक देवर के भाभी से रेप करने का मामला सामने आया है। मरे हुए भाई के शरीर में आने की बात कहकर डराया-धमकाया। फिर देवर ने भाभी के साथ जबरन रेप किया। रेप कर उसका अश्लील वीडियो बना लिया। आमेर थाने में पीड़िता ने आरोपी देवर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मामले की जांच एसएचओ (आमेर) अंतिम शर्मा कर रही है।

पुलिस ने बताया- आमेर निवासी 40 साल की महिला ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। करीब 14 साल पहले उसके पति की मौत हो गई थी। वह जॉब कर बच्चों का लालन-पालन करने लगी। आरोप है कि मिलने के लिए देवर का घर आना-जाना था। आरोप है कि मिलने आए देवर ने उसे बताया- उसके शरीर में मरा हुआ भाई आता है। वहीं ही गांव से यहां मिलने के लिए उसे खींचकर लेकर आता है।

घर में अकेला पाकर शरीर में देवता आने का बहना बनाकर जबरन आरोपी देवर ने उसके साथ रेप किया। रेप कर उसका अश्लील वीडियो भी मोबाइल में बना लिया। आरोप है कि डरा-धमकाकर देवता आने का बहना बताकर आरोपी देवर उसके साथ देहशोषण करने लगा। परेशान होकर पीड़िता ने आमेर थाने में आरोपी देवर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई।

## पैर फिसलने से कुएं में गिरा युवक, डूबने से मौत

# खेत पर काम करते समय हुआ हादसा, पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाला शव

**सिरोही।** खेत पर काम करते समय पैर फिसलने से एक युवक गहरे कुएं में जा गिरा। डूबने से उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर पिंडवाड़ा पुलिस मौके पर पहुंची ग्रामीणों की मदद से देर रात तक शव को कुएं से बाहर निकला। शव को पिंडवाड़ा अस्पताल की मॉर्च्युरी रखवाया। हादसा सिरोही के पिंडवाड़ा थाना क्षेत्र के झांकर गांव में हुआ।

बारीबूज निवासी सोहन पुत्र गणेश झांकर गांव के एक कृषि कुएं पर काम कर रहा था। इस दौरान अचानक पैर फिसलने से वह गहरे कुएं में जा गिरा। डूबने से उसकी मौत हो गई। खेत पर मौजूद अन्य लोगों ने हादसे की सूचना पिंडवाड़ा पुलिस को दी। पिंडवाड़ा थानाधिकारी हमीर सिंह दल सहित मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकलवाकर पिंडवाड़ा अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया।

---

## जयपुर में स्कूटी सवार बदमाश ने तोड़ी महिला की चेन

# घर के बाहर खरीद रही थी फ्रूट, झटका लगने से गले में आई चोट

राजस्थान की राजनीति



**जयपुर।** जयपुर में स्कूटी सवार बदमाश ने एक महिला से चेन स्नेचिंग की वारदात को अंजाम दिया। घर के बाहर फरूट खरीदते समय बदमाश ने झपट्टा मारकर चेन तोड़ी। झटका लगने से महिला के गले में चोट आई है। महेश नगर थाना पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चेन सनेचर की तलाश कर रही है।

पुलिस ने बताया- चेन स्नेचिंग की वारदात गोर्वधन कॉलोनी में सुरेन्द्र बाल भारती स्कूल के पास हुई। शुक्रवार सुबह करीब 11:15 बजे घर के बाहर आए ठेले वाले से 59 वर्षीय महिला फरूट खरीद रही थी। इसी दौरान स्कूटी पर हेलमेट लगाकर आए बदमाश ने पहले घूमकर रेकी की। महज कुछ ही सेकंड में पीछे से आकर महिला के गले पर झपट्टा मारा। झटका मारकर बदमाश चेन तोड़कर स्कूटी दौड़ाई।

झटका लगने से गले में चोट लगने पर महिला दर्द से चिल्लाई। आवाज सुनकर ठेले वाले सहित अन्य लोग स्कूटी सवार को पकड़ने के लिए भागे। बदमाश तेजी से स्कूटी दौड़ते हुए गलियों में फरार हो गया। वारदातस्थल के पास स्कूल के बाहर लगे सीसीटीवी फुटेज में स्कूटी सवार चेन स्नेचर की करतूत कैद हो गई। पीड़िता का कहना है कि स्कूटी सवार चेन स्नेचर ने हेलमेट लगा रखा था। कमर दर्द की बेल्ट भी बांध रखी थी।

## राजस्थान के 7 जिलों में आज बारिश का अलर्ट

# जोधपुर-बाड़मेर में बरसात, जैसलमेर में आंधी; जानें- दो दिन कैसा रहेगा मौसम



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** राजस्थान में आज और कल आंधी-बारिश का अलर्ट है। गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे जोधपुर और बाड़मेर में बरसात हुई। जैसलमेर में आंधी चली। इससे आसमान मटमैला हो गया। मौसम केंद्र जयपुर के मुताबिक, आज बाड़मेर, बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर, जैसलमेर और जोधपुर में दोपहर या देर शाम को कुछ जगह 40कीमी स्पीड तक आंधी चल सकती है। कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है। 19 अप्रैल (शुक्रवार) को पश्चिमी राजस्थान के जिलों के साथ सीकर, झुंझुनूं, जयपुर, धौलपुर, दौसा और अलवर में भी दोपहर या देर शाम को कुछ जगह 40कीमी स्पीड तक धूलभरी हवा चल सकती है। कहीं-कहीं हल्की बरसात की संभावना है। इससे पहले राजस्थान के सरहदी जिलों में बुधवार शाम धूलभरी आंधी चली। पश्चिमी राजस्थान के जैसलमेर, बाड़मेर और जालोर में कल हल्के बादल रहे, लेकिन गर्मी कम नहीं हुई। बीकानेर और श्रीगंगानगर के आसपास दोपहर बाद तेज हवा के झोंके आए। श्रीगंगानगर के सूरतगढ़ एरिया में धूलभरी आंधी चली। जयपुर, अजमेर समेत अन्य जिलों में दोपहर बाद हल्के बादल भी छाए। कल डूंगरपुर जिले में सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान 41.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। कोटा में 39.3, करौली में 38.9, बारां में 38.8, धौलपुर में 38.7 और फलोदी में 38.8 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ।

## बीएसएफ जवान को सैन्य सम्मान से दी अंतिम विदाई

# जम्मू कश्मीर के कूपवाड़ा में ड्यूटी के दौरान तोड़ा दम, व्यापारियों ने बाजार रखा बंद

राजस्थान की राजनीति

**जोधपुर।** बीएसएफ जवान की जम्मू कश्मीर के कूपवाड़ा में मौत के बाद पार्थिव देह आज जोधपुर पहुंची। जवान का उनके पैतृक झंवर गांव में सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। जवान दामोदर गौड़ की कुपवाड़ा जम्मू कश्मीर में 174 बटालियन में ड्यूटी देते समय हार्ट अटैक आने से मौत हो गई थी। पार्थिव शरीर उनके घर पहुंचते ही कोहराम मच गया। लोगो ने अंतिम दर्शन कर शहादत को नमन किया। सेना के जवानों ने तोपो की सलामी देते हुए नमन किया। संसदीय कार्य विधि व न्याय मंत्री जोगाराम पटेल ने भी जवान के पार्थिव देह पर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। जवान की 12 वर्षीय बेटी ने मुखाग्नी दी। जवान के ढाई साल का बेटा भी है। झंवर में ग्रामीणों व व्यापारियों ने जवान के सम्मान में आज झंवर का पूरा बाजार भी बंद रखा।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक एवं संपादक रमाकांत गोस्वामी द्वारा महारानी प्रिन्टर्स, 17 मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड़ जयपुर छपवाकर/मुद्रित कर, पीपलेश्वर मंदिर के पीछे, नला मौहल्ला,दौसा (राजस्थान)-303303 से प्रकाशित किया। संपादक: रमाकान्त गोस्वामी, कार्यकारी संपादक भूपेंद्र कुमार शर्मा, स्थानीय संपादक: संजय लाटा (अवैतनिक) आरएनआई नं. RAJHIN/2012/43137, ब्रांच ऑफिस: 18k3, पंकज सिंघवी मार्ग, ज्योति नगर, जयपुर-302002, मो. नं. 7610866001, हैल्प लाईन नं.: 8946840063, ईमेल- tniawaz.news@gmail.com, Group of Sites- www.hpnews.in, www.right2action.in, www.jaipurtak.com, www.dharmjagran.com, www.hindustanpatrika.com, www.freedomathought.com, www.tniawaaz.in (* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तदायी), किसी भी वाद-विवाद से निपटने के लिए न्यायालय जयपुर मान्य होगा।